# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## टॉयलेट....एक संघर्ष कथा!

देशभर के स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं के सर्वे के आधार पर शिक्षा मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट



ये है बस्तर के दरभा ब्लॉक का हाल

*दरभा ब्लाक के 20 शालाओ में शौचालय जर्जर है, जिसे उपयोग में नहीं लिया जा रहा। बच्चों के साथ परेशानी बनी है। लोक शिक्षण संचालनालय की डायरेक्टर के आदेशानुसार बस्तर जिला शिक्षा अधिकारी को 12 दिन पहले डिमांड बनाकर प्रेषित किया गया है। फंड की कमी की वजह से शालाओं में शौचालय निर्माण कार्य अटका है। जैसे ही राशि की स्वीकृति होती है, निर्माण प्रारम्भ किया जाएगा। यह कोई दरभा अकेला ब्लाक का मामला नहीं जिले में ऐसे अनेक शालाओ में शौचालय का यही हाल है।*

*- जगदीश पात्रा, खण्ड शिक्षाधिकारी, दरभा*

# छग के 3000 से ज्यादा गर्ल्स स्कूलों के टायलेट खंडहर, सुविधाओं के मामले में चंडीगढ़ टॉप पर, अरुणाचल फिसड्डी, हमारा राज्य औसत

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर स्कूली छात्र-छात्राओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ सहित देशभर के स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का सर्वे करने के बाद शिक्षा मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में ही इन आंकड़ों का खुलासा हुआ है। यह आंकड़े सरकारी स्कूलों के हैं। जारी किए गए सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 47 हजार 933 विद्यालय ऐसे हैं जहां लड़कियां अध्ययनरत हैं। इनमें से ▶▶|शेष पेज 8 पर



**अब... ग्राउंड रिपोर्ट**

शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट सामने आने के बाद हरिभूमि ने जमीनी हकिकत का जायजा लिया। इस दौरान स्थिति कागजी आंकड़ों से भी अधिक खराब नजर आई। हमने राजधानी रायपुर और दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र दोनों का ही जायजा लिया। रायपुर के खोखोपारा, मठपारा, चंदनडीह, हीरापुर सहित रविवि परिसर स्थिति शासकीय विद्यालयों में टॉयलेट की स्थिति इतनी जर्जर है कि इस्तेमाल करना तो दूर की बात यहां प्रवेश करने से पहले ही छात्र डर जाए। वहीं बस्तर के दरभा ब्लाक के 20 शालाओं ▶▶|शेष पेज 8 पर

### टॉप-10 : ब्वॉयज स्कूल

| | | |
|---|---|---|
| 1. | चंडीगढ़, गोवा व लक्ष्यद्वीप - | 100% |
| 2. | पं.बंगाल व दिल्ली- | 99.8% |
| 3. | आंध्रप्रदेश व दादरा व नगर हवेली - | 99.4% |
| 4. | हिमाचल प्रदेश- | 99% |
| 5. | केरल- | 98.8% |
| 6. | हरियाणा- | 98.3% |
| 7. | ओडिसा- | 97.4% |
| 8. | गुजरात- | 96.4% |
| 9. | उप्र- | 95.8 |
| 10. | पंजाब- | 96.5% |

*छग औसत- बालक विद्यालय में टॉयलेट सुविधा के संदर्भ में सबसे खराब स्थिति अरुणाचल प्रदेश की है। यहां सिर्फ 65.7 प्रतिशत स्कूलों में ही टॉयलेट है। इसके अलावा जम्मू कश्मीर में 75.5 प्रतिशत, मणिपुर में 72.7 प्रतिशत, मेघालय में 76.2 प्रतिशत, मिजोरम में 75.7 प्रतिशत, नागालैंड में 70.6 प्रतिशत, त्रिपुरा में 71.3 प्रतिशत विद्यालयों में ही टॉयलेट है। छग का प्रदर्शन औसत है। यहां के 87.6 प्रतिशत शासकीय विद्यालयों में शौचालय है। इसके बाद भी शीर्ष-20 से छग बाहर है।*

### टॉप-10 : गर्ल्स स्कूल

1. आंध्रप्रदेश, चंडीगढ़, दादर व दमन-द्वीप, दिल्ली, गोवा - 100%
2. पं.बंगाल- 99.9%
3. पांडुचेरी-99.8%
4. केरल-99.4%
5. हिमाचल प्रदेश- 99.3%
6. ओडिशा- 98.8%
7. सिक्किम- 98.5%
8. आंध्रप्रदेश- 98.1%
9. झारखंड- 97.2%
10. गुजराज- 97.1%

यहां भी औसत- यहां भी सबसे खराब प्रदर्शन अरुणाचल प्रदेश का है। यहां के सिर्फ 64.2% शासकीय कन्या विद्यालय में ही टॉयलेट है। प्रतिशत के अनुसार देखें तो छग के 93.7% स्कूलों में शौचालय है।

## खबर संक्षेप

### पीएफ ब्याज पर आज हो सकता है फैसला

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की बैठक 28 फरवरी को होने वाली है। इसमें प्रॉविडेंड फंड के ब्याज दर को लेकर फैसला लिया जा सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर शुक्रवार को न्यासी बोर्ड ब्याज को लेकर फैसला लेता है तो ईपीएफओ के करोड़ों मेंबर्स को बड़ा झटका लग सकता है।

### ड्रग्स के साथ थाईलैंड की दो महिलाएं गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** देश में मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से थाईलैंड की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 27 करोड़ रुपए मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद किया गया है। दोनों आरोपी महिलाएं 19 फरवरी को थाईलैंड के फुकेट से भारत पहुंची थीं।

# कांग्रेस ने ईडी को दिया 33 पेज का जवाब 8 घंटे पूछताछ के बाद प्रभारी महामंत्री को छोड़ा

*शराब घोटाले की जांच के दायरे में आए सुकमा और कोंटा में बनाए गए कांग्रेस भवन के निर्माण के संबंध में गुरुवार को ईडी ने मलकीत सिंह गैंदू से तकरीबन 8 घंटे पूछताछ की। ईडी कार्यालय में दिए गए लिखित जवाब के बाद उनसे पूछताछ का लंबा सिलसिला चला। इस दौरान कांग्रेसी ईडी दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे रहे। शाम को मलकीत सिंह को जाने दिया गया। ईडी को उन्होंने सुकमा-कोंटा राजीव भवन निर्माण के संबंध में 33 पेज की जानकारी दी है। ईडी ने इन जवाब के संबंध उनसे कई पूरक सवाल किए, जिसका जवाब देने के बाद उन्हें एक बार फिर 3 मार्च को बुलाया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शराब घोटाले से सुकमा-कोंटा कांग्रेस कार्यालय के निर्माण पर ईडी की तहकीकात जारी

शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के घर और अन्य स्थानों से मिले डिजिटल और अन्य साक्ष्य के आधार पर यह आरोप लगाया गया है कि शराब घोटाले के पैसे से सुकमा-कोंटा का कांग्रेस भवन और उनके पुत्र हरीश लखमा का मकान निर्माण किया गया है। ईडी कांग्रेस भवन निर्माण के संबंध में सच्चाई जानने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री से कांग्रेस भवन निर्माण के संबंध में पूरी ▶▶|शेष पेज 8 पर



### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

सुकमा और कोंटा में बने कांग्रेस भवन के संबंध में जानकारी लेकर पहुंचे कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू से ईडी की पूछताछ के दौरान कार्यालय के बाहर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय की जांच की मांग कर रहे थे।

### सुशील ओझा को भी किया तलब

कवासी लखमा के मामले में ईडी ने कांग्रेस कार्यकर्ता सुशील ओझा को भी पूछताछ के लिए तलब किया था। सुशील ओझा के मंत्री कवासी लखमा से संबंधों को देखते हुए उनके घर पर भी ईडी ने छापा मारा था। वे उस दौरान नहीं मिले थे। अब उन्हें इस मामले में पूछताछ के बुलाया गया है। ▶▶|शेष पेज 8 पर

### गैंदू को घंटों बिठाए रखना आपत्तिजनकः बैज

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी ने कांग्रेस से उसके जिला कार्यालय के संबंध में जानकारी मांगी थी। प्रभारी महामंत्री ईडी द्वारा चाही गयी जानकारी को देने ईडी ऑफिस गये थे। जानकारी प्राप्त करने के तुरंत बाद ईडी को उनको वापस आने देना चाहिये था। कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को जबरिया ईडी ऑफिस में घंटों बैठाया जाना बेहद ही आपत्तिजनक है। ईडी को कुछ अतिरिक्त जानकारी चाहिये थी, तो उसको वह लिखित में मांग सकती थी, उस* ▶▶|शेष पेज 8 पर

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# जीएसटी-सीमा शुल्क मामले में मिल सकती है अग्रिम जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम और सीमा शुल्क कानून पर लागू होता है। व्यक्ति प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर भी गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिए अदालतों का रुख कर सकता है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से देश कारोबारियों को बड़ी राहत मिली है।



प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सीमा शुल्क अधिनियम, जीएसटी अधिनियम में दंड प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पिछले साल 16 मई को फैसला सुरक्षित रखा था। याचिकाओं में कहा गया है कि ये प्रावधान ▶▶|शेष पेज 8 पर

### कारोबारी नागरिकों को न करें परेशान

शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि जीएसटी अधिनियम में गिरफ्तारी के प्रावधानों में अस्पष्टता के कारण कारोबारियों/नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने फैसले में इस बात पर जोर दिया है कि जीएसटी अधिनियम के तहत कोई निजी शिकायत नहीं हो सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी सवाल तय करते हुए, अब सभी मामलों में आगे की सुनवाई के लिए 17 मार्च को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

## नव निर्वाचित महापौर मीनल ने ली शपथ



रायपुर। नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने राजधानी के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में भव्य समारोह के दौरान गुरुवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ 69 वार्ड पार्षदों को भी कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत समेत कई नेता मौजूद रहे।






जेवरात व नकदी समेत लाखों ले उड़े

# नकाबपोश तलवार-कट्टा लेकर घुसे, जेवर-नकदी की लूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीतापुर

बीती रात व्यवसायी के घर में घुसकर तीन नकाबपोश बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे और तलवार की नोक पर परिवार को बंधक बनाकर लूट की है। अपराधी व्यवसायी के मकान व दुकान से नगदी, जेवर समेत लाखों का सामान लूटकर फरार हो गए। लूटपाट की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। इस घटना के बाद परिवार सहमा हुआ है जबकि क्षेत्र में भी दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर ▶▶|शेष पेज 8 पर

- जान से मारने की धमकी देर नकाबपोश लुटेरों ने दिया वारदात को अंजाम

### रैकी कर वारदात को अंजाम देने की संभावना

*जिस तरह से लुटेरों ने व्यवसायी के घर को निशाना बनाया है और हथियार के बल पर लूटपाट की गई है उससे यह संभावना जताई जा रही है कि इस वारदात में तीन से अधिक लोग भी शामिल हो सकते है इसके साथ ही आरोपियों ने पूरी योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया है और वारदात से पहले व्यवसायी के घर दुकान की रेकी किए जाने की संभावना भी जताई जा रही है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि लुटेरे आपस में जिस भाषा में बात कर रहे थे वह स्थानीय नहीं थी। अपराधी झारखण्ड तरफ की भाषा में बात कर रहे थे। गनीमत रही कि अपराधी सिर्फ लूटपाट कर भाग निकले अन्यथा कोई बड़ी घटना भी हो सकती थी।*




*अमेरिका में नए नागरिकता कानून को लेकर वैश्विक स्तर पर हलचल मची हुई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रवासियों के लिए जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता समाप्त करने का निर्णय लिया है। हालांकि, भारतीय नागरिकों के लिए एक विशेष छूट प्रदान की गई है।*

# अमेरिका में नया नागरिकता कानून, भारत को मिलेगा 'फायदा'

## अमेरिकी कंपनियों को विश्वविद्यालयों से भारतीय स्नातकों को नियुक्त करने की मिलेगी सुविधा

### नए नागरिकता कानून को लेकर मची हुई है वैश्विक स्तर पर हलचल

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रस्तावित 'गोल्ड कार्ड' योजना के तहत अमेरिकी कंपनियों को हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से भारतीय स्नातकों को नियुक्त करने की सुविधा मिलेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अमीर विदेशी नागरिकों के लिए एक नई पहल 'गोल्ड कार्ड' लॉन्च की। इस योजना के तहत, जो लोग 50 लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान करेंगे, उन्हें अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार मिलेगा, साथ ही उन्हें नागरिकता प्राप्त करने का अवसर भी दिया जाएगा।

#### 'गोल्ड कार्ड' की शुरू होगी बिक्री

एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने कहा, "हम 'गोल्ड कार्ड' की बिक्री शुरू करने जा रहे हैं।" उन्होंने समझाया कि यह 'ग्रीन कार्ड' से एक कदम आगे है और विशेषाधिकारों के साथ आता है। ट्रंप के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य संपन्न व्यक्तियों को अमेरिका आने और वहां निवेश करने के लिए आकर्षित करना है।

'गोल्ड कार्ड' योजना में दी जाएगी विशेष छूट




#### इन लोगों को होगा लाभ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा आव्रजन नीति की आलोचना करते हुए कहा कि यह प्रणाली अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं, खासकर भारतीय पेशेवरों के लिए अमेरिका में रहने और काम करने में बाधा बन रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत, चीन, जापान और अन्य देशों से आने वाले छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे हार्वर्ड या व्हार्टन स्कूल ऑफ फाइनेंस से शिक्षा प्राप्त करते हैं, लेकिन उनके पास अमेरिका में रहने की कोई निश्चित गारंटी नहीं होती।

#### कंपनियों को 'गोल्ड कार्ड' खरीदने का विकल्प

ट्रंप ने बताया कि इस अनिश्चितता के कारण कई होनहार स्नातकों को अमेरिका छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिसके बाद वे अपने देश लौटकर सफल उद्यमी बन जाते हैं और हजारों लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि कंपनियों को 'गोल्ड कार्ड' खरीदने का विकल्प मिलना चाहिए, जिससे वे इन प्रतिभाशाली स्नातकों को आसानी से भर्ती कर सकें।

## खबर संक्षेप

### केंद्र ने वापस ले ली भाजपा के 32 नेताओं की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बीजेपी के ही 32 नेताओं की सुरक्षा वापस ले ली है। इस संबंध में एक लिस्ट भी जारी की गई है। इसमें उन सभी नेताओं के नाम हैं जिनकी सुरक्षा वापस हुई है।



लिस्ट सामने आने के बाद से नेताओं का कहना है कि यह रूटीन प्रक्रिया है। केंद्र सरकार ही सुरक्षा के बारे में फैसला लेती है। केंद्र सरकार की तरफ से ऐसी सूची हर 3 महीने में जारी की जाती है। खबर के मुताबिक जिन नेताओं की सुरक्षा वापस ली गई है उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉन बारला, पूर्व सांसद दशरथ तिर्की, भाजपा नेता शंकुदेव पांडा और पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर के नाम शामिल हैं। इस लिस्ट में उन नेताओं का भी नाम शामिल है, जो बीते साल लोकसभा चुनाव हार गए थे। इनके साथ ही अभिजीत दास, डायमंड हार्बर से पूर्व विधायक दीपक हल्दर, लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहीं प्रिया साहा, लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रहे धनंजय घोष का नाम भी शामिल है।

### बिष्ट बने दिल्ली विस के नए डिप्टी स्पीकर

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की मुस्तफाबाद विधानसभा सीट से विधायक मोहन सिंह बिष्ट को दिल्ली विधानसभा का नया डिप्टी स्पीकर चुना गया है। बिष्ट कई बार करावल नगर से विधायक रह चुके हैं। इस बार उन्होंने मुस्तफाबाद सीट से चुनाव जीतकर विधानसभा में जगह बनाई। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार आदिल अहमद खान को 17,000 से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। इस खबर के बाद से दिल्ली की राजनीति में एक नई हलचल देखने को मिली है। आइए जानते हैं इस महत्वपूर्ण फैसले के बारे में विस्तार से। आपको बता दें कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मोहन सिंह बिष्ट को डिप्टी स्पीकर बनाने का प्रस्ताव विधानसभा में रखा। उनके इस प्रस्ताव को मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पूरा समर्थन दिया। इस फैसले के बाद, विधानसभा में वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता स्पीकर के रूप में कार्यरत हैं।



### पवन कल्याण पर टिप्पणी एक्टर मुरली गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलुगू अभिनेता-स्क्रीनराइटर और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता पोसानी कृष्ण मुरली को आंध्र प्रदेश पुलिस ने बुधवार को हैदराबाद स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पोसानी पर आंध्र प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पवन कल्याण, मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और मंत्री नारा लोकेश के पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा है। गिरफ्तारी के वक्त पोसानी ने पुलिस की टीम पर आपत्ति जताई जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में मुरली को गिरफ्तारी का विरोध करते और पुलिसकर्मियों के साथ तीखी बहस करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में मुरली पुलिसकर्मियों से कहते हुए नजर आ रहे हैं कि वह उनके साथ थाने नहीं जाएंगे।



## भारत ने संरा में जम्मू-कश्मीर मुद्दे पर दिया करारा जवाब

# 'पाकिस्तानी नेता फैलाते हैं अपने सैन्य आतंकवादी परिसर से झूठ'

### 'अंतरराष्ट्रीय मदद पर जिंदा है पाकिस्तान'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में भारत ने पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन के आरोपा का करारा जवाब देते हुए भारत ने कहा, पाकिस्तान एक नाकाम देश है। जो अंतरराष्ट्रीय अनुदानों पर जिंदा है। भारत के स्थायी मिशन के क्षितिज त्यागी ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में कहा, हमे इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि पाकिस्तानी नेता अपने सैन्य-आतंकवादी परिसर से झूठ फैलाते हैं। पाकिस्तान ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (OIC) को अपना मुखपत्र बताकर संगठन का मजाक उड़ाते हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस संगठन का समय एक असफल राज्य द्वारा बर्बाद किया जा रहा है, जो अस्थिरता पर पनपता है और अंतरराष्ट्रीय अनुदानों पर जीवित रहता है।




#### जम्मू कश्मीर में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं

क्षितिज त्यागी ने बताया कि पिछले कुछ सालों से जम्मू कश्मीर और लद्दाख में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक बदलाव आए हैं। जो काफी कुछ बयां करते हैं। यह सफलताएं दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से त्रस्त क्षेत्र में सामान्य स्थिति लाने की सरकार की प्रतिबद्धता में लोगों के भरोसे का प्रमाण हैं। साथ ही त्यागी ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बारे में कहा कि ये क्षेत्र हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा रहेंगे। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति हुई है, जो पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के बावजूद वहां की स्थिति सामान्य बनाने में भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

#### अपने हालात बदलने पर ध्यान दे पाकिस्तान

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने जवाबी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कहा कि यह बयान पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए निराधार झूठ का जवाब है। साथ ही भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने भी 19 फरवरी को कहा था कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए गलत सूचना अभियानों की कड़ी निंदा की। त्यागी ने पाकिस्तान के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा थे, हैं और आगे भी रहेंगे। पाकिस्तान को भारत की बजाय अपने देश के हालात बदलने पर जोर देना चाहिए। इनकी इस बयानबाजी में पाखंड की बू आती है। यह हरकतें अमानवीय हैं और शासन व्यवस्था चलाने में अक्षमता को दर्शाती हैं। भारत अपनी प्रगति, लोकतंत्र और देशवासियों को सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

#### नागरिक हित में काम करे पाक

*क्षितिज त्यागी ने कहा, पाकिस्तान को भारत के प्रति अपनी परंपरागत सोच से बाहर निकलना चाहिए और उन मुद्दों का समाधान करना चाहिए, जो उसके नागरिकों को प्रभावित करते रहते हैं। भारत लोकतंत्र, प्रगति और अपने लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।*

#### पाकिस्तानी मंत्री का यह है आरोप

*यूएनएचआरसी की बैठक में इससे पहले पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने दावा किया था कि कश्मीर में लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है। जो कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है।*

# अमेरिका, यूक्रेन के बीच आज बड़ी डील, व्हाइट हाउस पहुंचेंगे जेलेंस्की

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क





अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की शुक्रवार को अमेरिका में एक बड़े समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। कीव और वाशिंगटन पिछली अमेरिकी सहायता और संभवतः सुरक्षा गारंटी के बदले में यूक्रेन की खनिज संपदा को साझा करने के लिए एक समझौते पर चर्चा कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बहुप्रतीक्षित खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए शुक्रवार को 'व्हाइट हाउस'आएंगे। ट्रंप ने राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक की शुरुआत में यह घोषणा की और इस समझौते को एक बहुत बड़ा समझौता बताया। रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप लंबे समय से यह शिकायत करते रहे हैं कि अमेरिका ने तीन साल से जारी युद्ध में रूस के खिलाफ यूक्रेन की सहायता के लिए करदाताओं का बहुत अधिक पैसा खर्च किया है।

- बड़े समझौते पर होंगे हस्ताक्षर

#### समझौते पर यह बोले जेलेंस्की

जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को पहले यह जानना होगा कि अमेरिका अपने निरंतर सैन्य समर्थन के मामले में कहां खड़ा है। उन्होंने कहा कि उन्हें वाशिंगटन की यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापक बातचीत की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'यह आर्थिक समझौता भविष्य की सुरक्षा गारंटी का हिस्सा हो सकता है लेकिन मैं व्यापक दृष्टिकोण को समझना चाहता हूं।' जेलेंस्की ने कहा कि यह समझौता या तो बहुत सफल हो सकता है या चुपचाप खत्म हो सकता है। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि सफलता राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हमारी बातचीत पर निर्भर करती है। मैं अमेरिका के साथ समन्वय करना चाहता हूं।' ट्रंप ने अमेरिका की कुछ पिछली नीतियों को अचानक छोड़ दिया है। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अलग-थलग करने के प्रयासों को रद्द कर दिया।

भाषा विवाद के बीच तमिलनाडु सीएम स्टालिन का विवादित बयान

# 'हिंदी ने 25 भाषाओं को खत्म किया यह मुखौटा जबकि संस्कृत है चेहरा'

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन लगातार केंद्र पर हिंदी थोपे जाने का आरोप लगाकर निशाना साध रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने गुरुवार को कहा कि राज्य इस भाषा को अपने ऊपर थोपने की इजाजत नहीं देगा। उन्होंने तमिल व इसकी संस्कृति की रक्षा करने की कसम खाई। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे पत्र में कहा, 'हिंदी थोपे जाने का विरोध किया जाएगा। हिंदी मुखौटा है, संस्कृत छिपा हुआ चेहरा है।' दरअसल, तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा फार्मूले के माध्यम से केंद्र द्वारा हिंदी थोपे जाने का आरोप लगा रही है। हालांकि केंद्र सरकार ने इस आरोप का खंडन किया है। यह मुद्दा तब से दोनों के बीच विवाद का विषय बन गया है, जिसके कारण सीएम स्टालिन ने घोषणा की कि राज्य एक और भाषा युद्ध के लिए भी तैयार है। जैसा कि 1965 में डीएमके द्वारा शुरू किए गए हिंदी विरोधी आंदोलन के लिए था।

#### '...तो मातृभाषा को नजरअंदाज कर दिया जाएगा'

स्टालिन ने दावा किया कि भाजपा शासित राजस्थान उर्दू प्रशिक्षकों के बजाय संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति कर रहा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा, 'यदि तमिलनाडु त्रिभाषी नीति को स्वीकार करता है तो मातृभाषा को नजरअंदाज कर दिया जाएगा और भविष्य में संस्कृतीकरण होगा। एनईपी प्रावधानों में कहा गया है कि संस्कृत के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं को स्कूलों में पढ़ाया जाएगा और तमिल जैसी अन्य भाषाओं को ऑनलाइन पढ़ाया जा सकता है।' मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, 'इससे यह स्पष्ट होता है कि केंद्र ने तमिल जैसी भाषाओं को खत्म करने और संस्कृत को थोपने की योजना बनाई है। द्रविड़ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई ने दशकों पहले राज्य में दो-भाषा नीति को अनिवार्य किया था ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हिंदी-संस्कृत के माध्यम से आर्य संस्कृति को थोपने और तमिल संस्कृति को नष्ट करने के लिए कोई जगह नहीं है।'

#### स्टालिन का दावा

पत्र में स्टालिन ने दावा किया कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बोली जाने वाली कई उत्तर भारतीय भाषाएं जैसे मैथिली, ब्रजभाषा, बुंदेलखंडी और अवधी आधिपत्य वाली हिंदी द्वारा नष्ट कर दी गई हैं। आधिपत्य वाली हिंदी-संस्कृत भाषाओं के आक्रमण से 25 से अधिक उत्तर भारतीय मूल भाषाएं बर्बाद हो गई हैं। सदियों पुराने द्रविड़ आंदोलन ने जागरुकता पैदा करने और विभिन्न आंदोलनों के कारण तमिल और उसकी संस्कृति की रक्षा की।'

#### 'केंद्र हिंदी और संस्कृत थोपने की कोशिश कर रहा'

स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध कर रहा है क्योंकि केंद्र शिक्षा नीति के माध्यम से हिंदी और संस्कृत को थोपने की कोशिश कर रहा है। भाजपा के इस तर्क का विरोध करते हुए कि एनईपी के अनुसार तीसरी भाषा विदेशी भी हो सकती है, स्टालिन ने दावा किया कि 3-भाषा नीति अनुसूची के अनुसार कई राज्यों में केवल संस्कृत को बढ़ावा दिया जा रहा है।

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला
इस काम के लिए बनाई 3 सदस्यीय कमेटी

# संभल मस्जिद में मिली पुताई की इजाजत

एजेंसी ▶▶| इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने मस्जिद की रंगाई पुताई एक कमेटी की देखरेख में कराने का फैसला सुनाया है। अदालत ने आदेश दिया है कि मस्जिद की रंगाई-पुताई तीन सदस्यीय विशेषज्ञ कमेटी की निगरानी में होगी, ताकि मस्जिद के ऐतिहासिक और संरचनात्मक महत्व को कोई नुकसान न पहुंचे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक, 3 सदस्यीय कमेटी बनाने के लिए कहा गया है, जिनमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का एक विशेषज्ञ होगा, जो यह देखेगा कि मस्जिद की ऐतिहासिक संरचना को किसी तरह की क्षति न हो। वहीं एक वैज्ञानिक भी शामिल होगा, जो रंगाई-पुताई में प्रयुक्त होने वाली सामग्री का विश्लेषण करेगा। इसके साथ ही प्रशासन का एक अधिकारी पूरे कार्य की निगरानी करेगा।

#### कमेटी की निगरानी में ही होगी रंगाई-पुताई

हाईकोर्ट ने संभल जामा मस्जिद में पेंट करने को लेकर कहा कि कमेटी की निगरानी में ही ऐसा किया जाएगा। रंगाई पुताई का काम बिना कमेटी की निगरानी के कतई ना किया जाए। साथ ही न्यायालय की ओर से कहा गया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग इसके लिए मस्जिद का निरीक्षण भी करे। सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि क्योंकि रमजान का महीना शुरू होने वाला है इसलिए मस्जिद में रंगाई पुताई की जरूरत है लेकिन इस दौरान मस्जिद में बिना किसी ढांचे को नुकसान पहुंचाए रंगाई पुताई कैसे होगी ये कमेटी की रिपोर्ट के बाद कोर्ट तय करेगा। अदालत इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई करेगी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच इस मुद्दे पर सुनवाई करेगी।

#### विरोध में हिंदू समुदाय के लोगों का प्रदर्शन

इससे पहले शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई को लेकर मांगी जा रही अनुमति के विरोध में हिंदू समुदाय के लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा था कि अगर रंगाई-पुताई शुरू हुई तो आगे विवाद बढ़ेगा, क्या इसकी जिम्मेदारी एएसआई लेगा। मस्जिद में काम शुरू करना बहाना है, मकसद कुछ और है। उधर, हिन्दू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने कहा कि ये ना हो कि इस आदेश के तहत हाईकोर्ट इसे मस्जिद मान ले, जिसके बाद जस्टिस अग्रवाल ने अपने स्टेनो से कहा कि कथित मस्जिद आदेश में लिखिए।

## भारतीय कंपनियों कि इस साल 9.4 प्रतिशत वेतन वृद्धि अनुमानित

**नई दिल्ली।** भारत में कंपनियां इस साल 9.4 प्रतिशत की औसत वेतन वृद्धि कर सकती हैं। यह 2024 की 9.6 प्रतिशत वेतन वृद्धि से थोड़ी कम है। ईवाई फ्यूचर ऑफ पे' रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के 10 में से छह नियोक्ता कर्मचारियों को पुरस्कृत करने और वेतन संबंधी रणनीतियों के लिए अगले तीन वर्षों में कृत्रिम मेधा की क्षमता का पता लगाने के इच्छुक हैं। भारतीय कंपनियों में 2025 में 9.4 प्रतिशत की औसत वेतन वृद्धि हो सकती है जो 2024 में दर्ज 9.6 प्रतिशत वेतन वृद्धि से थोड़ी कम है। कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर 2024 में घटकर 17.5 प्रतिशत रह गई थी जो 2023 में 18.3 प्रतिशत थी। ई-कॉमर्स क्षेत्र में 2025 में सबसे अधिक 10.5 %वेतन वृद्धि होने की उम्मीद है, जो ऑनलाइन कारोबार के तेजी से विस्तार, बढ़ते उपभोक्ता खर्च और प्रौद्योगिकी प्रगति से प्रेरित है।

*जिला प्रशासन ने जारी की गाइड लाइन*

# कोटा में सस्ती होगी पढ़ाई, हॉस्टल कोचिंग सेंटर के लिए नियम जारी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईआईटी जेईई की तैयारी के लिए राजस्थान का कोटा शहर भारत के सभी होनहार छात्रों के लिए एक तरह से पहली पसंद है। कोटा में पढ़ाई के दबाव के साथ-साथ एक और चीज है जिसमें लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है, वह है पैरेंट्स के खर्चे। जी हां, इस पर न केल लगाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। तैयारी के लिए अपने बच्चों को भेजने वाले पैरेंट्स के हित में कोटा जिला प्रशासन ने एक नई गाइडलाइन जारी की है।

#### हॉस्टलों में सिक्योरिटी और कॉशन मनी खत्म

नई गाइडलाइंस के तहत, कोटा के 4,000 हॉस्टलों में अब छात्रों से सिक्योरिटी और कॉशन मनी नहीं ली जाएगी। पहले यह शुल्क हॉस्टल में एडमिशन के समय लिया जाता था और साल के अंत में वापस किया जाता था. लेकिन अब छात्रों को यह अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

#### हॉस्टल के नियमों में बदलाव

- हॉस्टल में 2,000 रुपये तक ही मेंटेनेंस चार्ज ले सकेंगे
- सभी रूम्स में एंटी-हैंगिंग सुसाइड सीलिंग फैन लगाना जरूरी
- स्टाफ के लिए गेटकीपर ट्रेनिंग जरूरी होगी।
- सभी हॉस्टलों में सीसीटीवी कैमरे और बायोमेट्रिक सिस्टम लगाने होंगे
- रात के समय मैनुअल प्रेजेंट जांच जरूरी
- हॉस्टल में फन एक्टिविटी एरिया बनाए जा सकेंगे
- अभिभावकों को सभी भुगतानों की रसीदें दी जाएंगी।

पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन ने जारी की रिपोर्ट

# एआई में जरूरी प्रतिभा वाले पेशेवरों की कमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जनरेटिव एआई भारतीय कंपनियों के लिए महज चर्चा का विषय न होकर तेजी से एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनिवार्यता हो गई है और अधिकांश कारोबारी दिग्गज कृत्रिम मेधा (एआई) को प्राथमिकता दे रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन की रिपोर्ट कहती है कि प्रौद्योगिकी की पूरी क्षमता के इस्तेमाल के लिए सटीक एआई और संबंधित कौशल वाले पेशेवरों को ढूंढना इन कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है।

- भारतीय कंपनियों का एआई अपनाने पर जोर

*भर्ती के लिए कौशल को प्राथमिकता : लिंक्डइन में प्रतिभा एवं लर्निंग सॉल्यूशंस की भारत प्रमुख रुचि आनंद ने भर्ती के लिए कौशल को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए कहा, एआई प्रतिभाओं को नियुक्त करने और विकसित करने के हमारे तरीके को बदल रहा है, लेकिन असली चुनौती एआई को कारोबार के लिए काम करने लायक बनाने की है।*



#### रोजगार के लिए योग्य उम्मीदवारों की कमी

रिपोर्ट में कहा गया, "भारत में सबसे मुश्किल से मिलने वाले कौशल में तकनीकी/ आईटी कौशल जैसे सॉफ्टवेयर विकास, इंजीनियरिंग (44 प्रतिशत), एआई कौशल (34 प्रतिशत) और संचार एवं समस्या-समाधान (33 प्रतिशत) जैसे कौशल शामिल हैं।" रोजगार के लिए योग्य उम्मीदवारों की यह कमी कंपनियों को अपनी भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी से चयनात्मक होने को मजबूर कर रही है।

#### आधे से भी कम आवेदकों के पास जरूरी योग्यताएं

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में लगभग 54 प्रतिशत मानव संसाधन (एचआर) पेशेवरों ने नौकरी के लिए आने वाले आवेदनों में से केवल आधे या उससे भी कम आवेदकों के पास सभी जरूरी एवं पसंदीदा योग्यताएं होने की बात कही है। एचआर पेशेवरों के लिए सही तकनीकी कौशल (61 प्रतिशत) और लोगों से जुड़ने का कौशल यानी सॉफ्ट स्किल (57 प्रतिशत) वाले उम्मीदवारों को ढूंढना सबसे बड़ी चुनौती है।

#### कंपनियां चयनात्मक भर्ती का तरीका अपना रही

रिपोर्ट के अनुसार, कंपनियां वर्ष 2025 में 'चयनात्मक भर्ती' का तरीका अपना रही हैं। चयनात्मक भर्ती संगठन की जरूरतों के लिहाज से उपयुक्त गुणों वाले सही लोगों की नियुक्ति और चयन की प्रक्रिया है।

#### 80 फीसदी योग्यता पूर्ण करने वालों पर ही विचार

रिपोर्ट कहती है कि भारत में आधे से अधिक एचआर पेशेवर केवल उन उम्मीदवारों तक पहुंचने (55 प्रतिशत) और भर्ती (54 प्रतिशत) पर विचार करेंगे जो नौकरी के लिए निर्धारित योग्यता के 80 प्रतिशत या उससे अधिक मानदंडों को पूरा करते हैं।

बिलासपुर
शुक्रवार, 28 फरवरी 2025
फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष: 24, अंक: 336
पृष्ठ: 12+6 = 18 मूल्य: 5.00***

मौसम
अधि. 33.7
न्यून. 19.8

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

महाकुंभ संपूर्ण होने के बाद सीएम योगी प्रयागराज पहुंचे, किए बड़े ऐलान

# 'सफाईवीरों' की सैलरी अब होगी 16 हजार 10 हजार बोनस, 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा



## सीएम व कैबिनेट मंत्रियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन किया

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

महाकुंभ के संपूर्ण होने के बाद प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की है। महाकुंभ में लगे यूपी के सफाई कर्मचारियों को 10 हजार का अतिरिक्त बोनस मिलेगा। इसके अलावा न्यूनतम 16000 प्रति माह वेतन की घोषणा की है। इसके अलावा महाकुंभ में कार्यरत सभी कर्मियों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। 1 अप्रैल से कर्मचारियों के खाते ⏭शेष पेज 8 पर



### सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना

उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 के दौरान सबसे बड़े समन्वयित सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने पुरस्कार प्राप्त किया।

### नाव चालकों को नाव खरीदने दी जाएगी धनराशि, मुफ्त इलाज भी

*महाकुंभ के समापन के बाद प्रयागराज में नाव चालकों से बातचीत करते हुए सीएम ने कहा कि पंजीकरण के बाद हर नाव चालक को 5 लाख रुपए की बीमा योजना दी जाएगी। नाव खरीदने के लिए धनराशि दी जाएगी। जिन लोगों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया जाएगा।*

◆ पीएम मोदी ने महाकुंभ पर कहा-देवभक्ति ही देशभक्ति

## यह भारत की विकास यात्रा के एक नए अध्याय का संदेश



महाकुंभ की सफलता के बाद पीएम सोमनाथ दर्शन को जाएंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है की एकता के महाकुंभ को सफल बनाने के लिए देशवासियों के परिश्रम, उनके प्रयास, उनके संकल्प से अभिभूत मैं द्वादश ज्योतिर्लिंग में से प्रथम ज्योतिर्लिंग, श्री सोमनाथ के दर्शन करने जाऊंगा। मैं श्रद्धा रूपी संकल्प पुष्प को समर्पित करते हुए हर भारतीय के लिए प्रार्थना करूंगा। मैं कामना करूंगा कि देशवासियों में एकता की ये अविरल ⏭शेष पेज 8 पर

### हम सब नदी उत्सव जरूर मनाएं

*पीएम मोदी ने लिखा कि जब मैं काशी चुनाव के लिए गया था, तो मेरे अंतरमन के भाव शब्दों में प्रकट हुए थे, और मैंने कहा था- मां गंगा ने मुझे बुलाया है। इसमें एक दायित्व बोध भी था, हमारी मां स्वरूपा नदियों की पवित्रता को लेकर, स्वच्छता को लेकर। प्रयागराज में भी गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम पर मेरा ये संकल्प और दृढ़ हुआ है। गंगा जी, यमुना जी, हमारी नदियों की स्वच्छता हमारी जीवन यात्रा से जुड़ी है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि नदी चाहे छोटी हो या बड़ी, हर नदी को जीवनदायिनी मां का प्रतिरूप मानते हुए हम अपने यहां सुविधा के अनुसार, नदी उत्सव जरूर मनाएं।*

जल जीवन मिशन का कार्य चार साल आगे बढ़ाया गयाः साव

# सदन में गरमाया जल जीवन मिशन, मंत्री बोले कार्रवाई करेंगे, छह इंजीनियर सस्पेंड हो चुके

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को जल जीवन मिशन का मुद्दा गरमाया। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने जल स्रोत नहीं होने के बाद भी पाइप लाइन बिछाने और टंकी बनाने पर सवाल करते हुए कहा, यह खुला करप्शन है। इसके अलावा मिशन से जुड़े और भी सवाल उठाए गए। पीएचई मंत्री अरुण साव ने संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाते हुए बताया कि 6 अफसरों को निलंबित किया जा चुका है।*

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल के दौरान जल जीवन मिशन पर सवाल करते हुए कहा, चार महीने पहले मुझे विस्तृत जानकारी देने की बात मंत्री ने कही थी, लेकिन आज तक जवाब नहीं दिया गया कि कितने गांव में जल स्रोत नहीं है? कितने गांवों में पाइप लाइन और टंकी बनाई गई है? उन्होंने पूछा कि प्रदेश के कितने गांवों के कितने घरों में नल कनेक्शन लगाए गए हैं। लक्ष्य के अनुरूप कितने गांवों के कितने घरों में पूर्ण अपूर्ण स्थिति है। मंत्री अरुण साव ने इसका जवाब देते हुए कहा, नलकूप खनन देर से शुरू हुआ। स्रोत विहीन गांवों की संख्या 653 है। ये गांव ऐसे हैं, जो स्रोत विहीन हैं, जिसमें से 3 हजार 254 गांव ऐसे हैं, जहां अपर्याप्त स्रोत हैं। पीएचई मंत्री ने कहा, हर स्कीम में स्रोत आइडेंटिटिफ़ाई था। 653 गांवों में पाइप लाइन और टंकी बनाई गई है। ⏭शेष पेज 8 पर

हरिभूमि लगातार

### जन जीवन मिशन पर आए कई सवाल

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नलजल योजना पर कई सवाल पूछे गए। सबसे पहले विधायक गोमती साय ने पूछा कि जल जीवन मिशन योजना पिछले 5 साल में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई थी। अब इसे ठीक करने के लिए क्या-क्या किया जा रहा है। मंत्री अरुण साव ने जवाब दिया कि जल जीवन मिशन 2019 में शुरू की गई।


हरिभूमि


हरिभूमि

### योजना को 2028 तक बढ़ाया गया

अरुण साव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के जल जीवन मिशन की कुल लागत 26 हजार 465 करोड़ से ज्यादा थी. जिसमें केंद्रांश 12 हजार 424 करोड़ से ज्यादा रुपये और राज्यांश 14 हजार 41 करोड़ रुपये से ज्यादा था. वर्तमान में 6 हजार 178.33 करोड़ रुपये केंद्रांश और राज्यांश 7292.28 करोड़ मिला है। अब तक 13 करोड़ से ज्यादा राशि खर्च हुई है। योजना में 19656 गांव शामिल है।

### 315 ठेके निरस्त 15 एजेंसियां बाहर

ट्यूबवेल खदान का काम अप्रैल 2023 से शुरू हुआ। ट्यूबवेल खनन के आधे से ज्यादा खनन नहीं हुए हैं। लगातार काम चल रहा है। 3438 नलकूप खोदे हैं। हाइड्रो फ्रैक्चरिंग विधि से 735 नलकूप जीवित किए गए हैं। 2711 टंकियों का निर्माण हुआ है। हर घर जल प्रमाणित 1438 है। लगातार इस योजना को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। 351 ठेकेदारों के ठेके निरस्त किए।

चार पर था 23 लाख का इनाम

# हिड़मा के पीएलजीए बटालियन मेंबर समेत 9 नक्सलियों का समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नक्सल कमांडर हिड़मा के पीएलजीए बटालियन नंबर एक में सक्रिय 8 लाख के इनामी व 5-5 लाख रुपए के इनामी तीन एरिया कमेटी मेंबर समेत 9 नक्सली बीजापुर में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सली कई संगीन घटनाओं में शामिल रहे है। सक्रिय नक्सलियों के लगातार समर्पण से नक्सल संगठन कमजोर होता जा रहा है। आत्मसमर्पित सभी माओवादियों ने कहा कि वे समाज के मुख्यधारा में जुड़कर स्वच्छंद रूप से पारिवारिक जीवन जीना चाहते हैं। पीएलजीए बटालियन में सक्रिय रूप से प्रतिबंधित ⏭शेष पेज 8 पर

### समर्पित नक्सलियों में यह शामिल

समर्पण करने वाले नक्सलियों में वर्ष 2015 से सक्रिय पीएलजीए बटालियान नम्बर एक की सदस्य 8 लाख की इनामी लक्ष्मी माड़वी ऊर्फ खुटो निवासी तिम्मापुर कर्कनपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा के अलावा 5-5 लाख रुपए के इनामी एसीएम पुल्ली ईरपा ऊर्फ तारा निवासी बेलमनेण्ड्रा पुजारीपारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर, भीमे मड़कम निवासी मण्डीमरका वेंगुरपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा व रमेश कारम निवासी एड़समेटा कारममीडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर के अलावा सिंगा माड़वी निवासी पेद्दा धमावरम पटेलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, रामलू भण्डारी ऊर्फ रामू निवासी मारूड़बाका भटटीपारा थाना उसूर जिला बीजापुर, देवा ⏭शेष पेज 8 पर

# लखमा की याचिका पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब



**बिलासपुर।** शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने एसीबी व ईओडब्ल्यू को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की याचिका पर गुरूवार को जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा, जिस पर कोर्ट ने एसीबी व ईओडब्ल्यू को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

इस मामले में कवासी लखमा की अग्रिम जमानत की याचिका ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट द्वारा पहले ही खारिज की जा चुकी है। कवासी ⏭शेष पेज 8 पर

### लखमा पर है यह आरोप

आरोप है कि पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक कवासी लखमा सिंडिकेट के अहम हिस्सा थे। इनसे शराब सिंडिकेट को मदद मिलती थी, वहीं ईडी ने यह भी कहा कि शराब नीति बदलने में कवासी लखमा की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे छत्तीसगढ़ में एफएल-10 लाइसेंस की शुरुआत हुई। यही नहीं ईडी ने बताया कि लखमा को आबकारी विभाग में हो रहे घोटाले की पूरी जानकारी थी। लेकिन, उन्होंने इसे रोकना जरूरी नहीं समझा। इसलिए उन्हें आरोपी के तौर पर देखा गया है। फिलहाल अपनी अग्रिम जमानत याचिका के लिए लखमा ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जहान-ए-खुसरो का आज उद्घाटन करेंगे पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राजधानी स्थित सुंदर नर्सरी में सूफी संगीत समारोह 'जहान-ए-खुसरो' के रजत जयंती कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को शाम लगभग 7:30 बजे सुंदर नर्सरी, नई दिल्ली में भव्य सूफी संगीत समारोह, जहान-ए-खुसरो 2025 में भाग लेंगे।

# दिल्ली में दंगल, सदन के बाहर 'आतिशी फायर' भीतर घोटाला खोल रही कैग रिपोर्ट पीएसी को

■ विस में आतिशी-निलंबित विधायकों को नहीं मिली एंट्री, 'आप' ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के विपक्ष की नेता आतिशी और आप के अन्य विधायकों को गुरुवार को विधानसभा परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया। आप ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है। इधर, विधानसभा के भीतर दिल्ली शराब नीति को लेकर कैग रिपोर्ट को विधानसभा की लोक लेखा समिति (पीएसी) को सौंप दिया गया। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी और आम आदमी पार्टी के अन्य विधायकों को गुरुवार को विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोके जाने बाद आप विधायकों ने परिसर के बाहर धरना दिया। इधर, सदन के भीतर विपक्ष के बगैर भाजपा ने डिप्टी स्पीकर चुना सदन के अंदर विपक्ष के बगैर भाजपा ने 6 बार के विधायक मोहन सिंह बिष्ट को विधानसभा का डिप्टी स्पीकर चुना। सीएम रेखा गुप्ता ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इसका समर्थन किया। बिष्ट मुस्तफाबाद से विधायक हैं। इस बीच, दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा- शीशमहल की जांच होगी। पिछली सरकार की तरफ से फॉलोअप नहीं होने की वजह से कई प्रोजेक्ट्स की लागत दोगुनी हो गई है। हम 2000 करोड़ रुपए के शराब नीति ⏭शेष पेज 8 पर

### इधर, वर्मा बोले-शीशमहल की होगी जांच

दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि 'शीश महल' विवाद की जांच शुरू की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण में कितना सरकारी पैसा इस्तेमाल किया गया। आप सरकार के तहत तीन साल पहले बनाए गए भव्य मुख्यमंत्री कार्यालय की जांच की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि इसके नवीनीकरण पर कितना पैसा खर्च किया गया और किस आधार पर अधिकारियों ने इस तरह के खर्चों की अनुमति दी।

आनन-फानन में शुरू हुआ इस हॉस्पिटल का बिल्डिंग तक हेंडओवर नहीं

# 100 करोड़ के ईएसआईसी हॉस्पिटल में भर्ती सुविधा नहीं

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

अलग खबर

भिलाई के जुनवानी में आनन-फानन में सालभर पहले शुरू किया गया ईएसआईसी हॉस्पिटल रेफलर सेंटर बन कर रह गया है। 100 करोड़ की लागत से इस हॉस्पिटल भवन का निर्माण करवाया गया है। कर्मियों के परिवारों को चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने का मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। सालभर से केवल ओपीडी ही इस हॉस्पिटल की चल रही है। ओपीडी जांच में भर्ती के लायक मरीजों को दूसरे हॉस्पिटल में रेफर किए जा रहे हैं। ⏭शेष पेज 8 पर





### चल रही है प्रक्रिया

ईएसआईसी हॉस्पिटल में ओपीडी चल रही है। भर्ती के लिए जरूरी सुविधाएं जुटाने का कार्य चल रहा है। प्रक्रिया में भी कई चीजें हैं।
- डॉ.एमएन हसन, प्रभारी ईएसआईसी हॉस्पिटल, जुनवानी

### पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन

ईएसआईसी हॉस्पिटल जुनवानी का वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 फरवरी 2024 को किया था। तभी यहां ओपीडी प्रारंभ की गई थी। तब से लेकर अब तक यहां ओपीडी ही चल रही है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग रायपुर के द्वारा हॉस्पिटल भवन का निर्माण करवाया गया है। हॉस्पिटल में मरीजों के लिए भर्ती सुविधाएं नहीं बन पाई है।

### केवल 100 मरीजों की ओपीडी

अस्पताल सूत्रों के मुताबिक रोजाना 100 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं। इस हिसाब से महीने में करीब 300 लोग वर्तमान में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। यह ओपीडी की संख्या भिलाई में संचालित ईएसआईसी के एक क्लिनिक के समान है। ईएसआईसी से जुड़े कर्मचारी बताते हैं कि भर्ती की सुविधा नहीं होने की वजह से उन्हे दूसरे हॉस्पिटल में रेफर कर रहे हैं। हॉस्पिटल निर्माण का कोई फायदा नहीं हुआ। ईएसआईसी क्लिनिक भी यही काम करते रहे हैं और आज भी कर रहे हैं।



चिंतन

# यूएन में कश्मीर का राग अलापना बंद करे पाक

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत की है। स्विटज़रलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें नियमित सत्र में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। यह नई बात नहीं है। यूएन के हर सत्र में पाकिस्तान कश्मीर राग अलापता रहा है। भारत ने बार-बार स्पष्ट किया है कि जम्मू-कश्मीर व लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत पाकिस्तान के साथ केवल आतंकवाद के खात्मे के बाद ही कोई बात करेगा। ऐसे में पाक का यूएन में कश्मीर मुद्दे को उठाना अपने अवसर का जाया करना है। यूएन में अपने उत्तर देने के अधिकार के तहत भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मदद पर टिका एक नाकाम देश कर्तव्यनिष्ठा से अपने सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ द्वारा फैलाए गए झूठ को आगे बढ़ाता है। आतंकवाद को शह देने के नीतिगत एजेंडे के चलते आज पाकिस्तान अलग-थलग पड़ा हुआ है, टेरर फंडिंग समेत अन्य आतंकवादी वित्तीय गतिविधियों के चलते वह फ्रांस स्थित एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में है। इससे पहले कई बार ब्लैक लिस्ट में रह चुका है। आजादी के बाद पाक अवैध रूप से कबायली वेष में कश्मीर में घुसा था। उस वक्त एकीकृत जम्मू-कश्मीर राज्य का भारत में विधिवत विलय हो चुका है। इसके बाद से कश्मीर के कुछेक हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है, जो पीओके है। भारत चाहता है कि पाकिस्तान पीओके क्षेत्र से अपना अवैध कब्जा खत्म करे, वह हिस्सा भारत का है। भारत अपना हिस्सा लेने को प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को कश्मीर को लेकर निराधार व दुर्भावनापूर्ण संदर्भ बयां नहीं करना चाहिए। यह खेदजनक है। वह हमेशा अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल करता है। विश्व में सबके सामने कश्मीर को लेकर स्थिति साफ है, यह भारत का अभिन्न हिस्सा है। पाकिस्तान में सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ को दुनिया ने देखा, जब अमेरिका ने पाक के सैन्य क्षेत्र से ओसामा बिन लादेन को पकड़ा और मारा। पाक की फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई नीतिगत रूप से आतंकवाद को पालती-पोसती रही है और कश्मीर में उसका दुरुपयोग करती रही है। आज 32 से अधिक छोटे व बड़े आतंकी गुट पाकिस्तान में सक्रिय हैं। अनेक घोषित ग्लोबल टेररिस्ट पाक में हैं। मौजूदा समय में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में आजादी के बाद से ही हुई अभूतपूर्व, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तरक्की खुद ही सबकुछ बयां कर रही है। पाकिस्तान को यूएन मानवाधिकार परिषद का वक्त नहीं बर्बाद करना चाहिए। उसको भारत के बारे में सोचने से ज्यादा अपने देश के नागरिकों की मुश्किलें दूर करने पर ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) का भी मजाक बना रहा है, वहां कश्मीर राग का कोई मतलब नहीं है। वह (पाकिस्तान) इसे (ओआईसी) अपना मुखपत्र बताकर दुष्प्रचार को बढ़ावा देकर इसका दुरुपयोग कर रहा है। पाकिस्तान की हर कारगुजारियों से भारत वाकिफ है। अपनी करतूतों की वजह से ही आज पाकिस्तान की ऐसी हालत है और दुनिया में चीन व तुर्किये के अलावा किसी देश से अच्छे संबंध नहीं हैं। इमदाद के भरोसे जीने वाले पाकिस्तान को अपने हालात सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। यूएन में कश्मीर गीत गाने से भारत पर कुछ भी नहीं होने वाला है, कश्मीर भारत का था, है और सदा रहेगा।



विश्लेषण
सुरेश पचौरी

# महाकुंभ से सनातन धर्म का बढ़ा गौरव

प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है। भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है।

माघे मासे गंगे स्नानं यः कुरुते नरः।
युगकोटिसहस्राणि तिष्ठंति पितृदेवताः।।

स्कंद पुराण में उल्लेख है कि माघ मास में गंगा में स्नान करने वाले व्यक्ति के पितर युगों-युगों तक स्वर्ग में वास करते हैं। कितना ही बिरला अवसर है कि प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है। सुरक्षा, सुविधाएं और सुगमता प्रदान करने के जतन के साथ ही साथ इस आयोजन को पर्यावरण अनुकूल बनाने के विशेष प्रयास हुए, यह स्तुत्य है। इन प्रयासों ने महाकुंभ को केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकारों के प्रति चेतना का संदेश भी दिया। हमारी भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है। भगवान आदि शंकराचार्य ने भारतीय जनमानस में धर्म की भावना जगाने और संस्कृति की चेतना मजबूत करने के लिए देश के चार कोनों पर चार मठ बनाये। पूर्व में जगन्नाथपुरी पश्चिम में द्वारिका, उत्तर में जोशीमठ तथा दक्षिण में श्रंगेरी मठ। आदि शंकराचार्य ने देश की चार प्रमुख नदियों गंगा, यमुना, क्षिप्रा व गोदावरी के तट पर चार शहरों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में चार कुंभ-मेलों के आयोजन की रूपरेखा रची। कुंभपर्व का आधार खगोलीय घटना है।

विज्ञान कथाएं कई उपयोगी आविष्कारों की प्रेरणा बन चुकी हैं, ऐसा खुद आविष्कारों और वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है। जूल्स बर्न का विज्ञान उपन्यास 'रॉबर द कंकरर', जिसका दूसरा नाम है 'क्लिपर ऑफ द क्लाउड्स' में उड़ान भरने वाली मशीन अल्बाट्रॉस का विवरण है। इससे प्रेरित होकर अमेरिकी विशेषज्ञ आई गौर सिकोर्स्की ने हेलीकॉप्टर डिजाइन किया। रॉकेट की प्रेरणा अमेरिकी वैज्ञानिक रॉबर्ट गोडर्ड को ब्रिटिश विज्ञान कथा लेखन एचजी वेल्स की पुस्तक 'द वॉर ऑफ वर्ल्ड' से मिली। ह्यूमनायड रोबोट की प्रेरणा जापान के रोबोट विज्ञानी टोमोटाका ताकाहाशी को 'एस्ट्रोबॉय' कॉमिक्स से मिली। WWW यानी वर्ल्ड वाइड वेब का आइडिया ऑर्थर सी क्लार्क की शॉर्ट स्टोरी 'डायल एफ फॉर फ्रैंकस्टीन' से मिला, ऐसा खुद इन वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है। *

### पहली विज्ञान कथा

**दुनिया की** पहली विज्ञान कथा 1616 में जर्मन लेखक जोहान वेलेंटीन एंड्रिए लिखित उपन्यास 'द केमिकल वेडिंग' को माना जाता है। इस उपन्यास की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जिसे एक पंख वाली महिला की रहस्यमयी शाही शादी में आमंत्रित किया जाता है। भारत में विज्ञान कथाओं की विधिवत शुरुआत 1896 से मानी जाती है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने 1896 में बांग्ला भाषा में 'आगोश' और 'पलातक तूफान' के नाम से विज्ञान कथाएं लिखी थीं। कुछ लोग 1905 में रुकेया शेखावत हुसैन द्वारा लिखित 'सुल्तान का सपना' को पहली विज्ञान कथा मानते हैं, जो 'द इंडियन लेडीज' मैगजीन में छपी थी। हालांकि 1882 में विज्ञान दर्पण में हेमलाल दत्त की कहानी 'रहस्य', 1884 में पंडित अंबिका दत्त व्यास द्वारा लिखित 'आश्चर्य वृतांत', 1892 में जगदानंद राय द्वारा लिखित 'शुक्र भ्रमण' शुरुआती विज्ञान कथाएं मानी जाती हैं। विज्ञान कथा या साइंस फिक्शन शब्द का प्रयोग भले ही बाद में शुरू हुआ हो लेकिन विज्ञान कथाएं बहुत पहले से किसी ने किसी रूप में लिखी-पढ़ी जाती रही हैं।




# स्पेस के नजारे दिखाते प्लेनेटोरियम

बच्चों, अगर तुम्हें खगोल विज्ञान मतलब कि सूर्य, चंद्रमा और तारों से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी चाहिए तो तारामंडल में जाकर ले सकते हो। ये तारामंडल अपने देश में कहां-कहां हैं? यहां जाकर तुम कैसे खगोल विज्ञान से जुड़ी जानकारी रोचक, सरल ढंग से पा सकते हो, जानो।

जानकारी




प्लेनेटोरियम को हम हिंदी में ताराघर या तारामंडल भी कहते हैं। वास्तव में यह एक ऐसा भवन होता है, जहां लोगों को खगोल विज्ञान से जुड़ी ज्ञानवर्धक जानकारियां मनोरंजक ढंग से दी जाती हैं।

**ऐसा बना होता है तारामंडल:** आमतौर पर तारामंडल में गुंबद के आकार की छत होती है, इसके इर्द-गिर्द दर्शकों के बैठने के लिए स्टेडियम के तरह का हॉल होता है। इस विशेष हॉल में एक प्रोजेक्टर गुंबददार छत पर उभर रही छवियों पर रोशनी डालकर उन्हें चमकाता है। इन छवियों से संबंधित जरूरी जानकारियां वहां बैठे लोगों को कमेंट्री करके दी जाती है।

**कोई निश्चित आकार नहीं होता:** तारामंडल का कोई निश्चित आकार नहीं होता, लेकिन जिसे दुनिया का प्लेनेटोरियम नबंर वन कहा जाता है, वह तारामंडल रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्थित है। इसके गुंबद का आकार 37 मीटर है।



**भारत में कितने हैं तारामंडल:** भारत में 30 तारामंडल हैं। इनमें चार सबसे मशहूर हैं, जो क्रमशः मुंबई, नई दिल्ली, बैंग्लुरु और प्रयागराज में स्थित हैं। जहां तक देश के पहले एमपी बिड़ला ताराघर की बात है, यह सितंबर 1962 में कोलकाता में शुरू हुआ था।

**देते हैं खगोलीय पिंडों की जानकारी:** बच्चों, जब इन तारामंडलों में लोग अंधेरे में बैठकर गुंबद की ओर देखते हैं, तो ऐसा आभास होता है, जैसे हम किसी खुले स्थान में बैठे हुए आकाश की छटा देख रहे हों। यहां विभिन्न ग्रह-उपग्रह और तारे चलते हुए प्रतीत होते हैं। खगोलीय पिंडों के विषय में जानकारी प्रदान करने वाले ये बड़े ही उपयोगी तारामंडल हैं। इनके जरिए सूर्य, चंद्रमा और तारों की आकाश में होने वाली वार्षिक गतिविधियों को बहुत अच्छी तरह से चंद मिनटों में देखा और समझा जा सकता है।

**ऐसे हैं आधुनिक तारामंडल:** आधुनिक तारामंडलों (प्लेनेटोरियम) में स्लाइड दिखलाने वाले प्रोजेक्टर लगे रहते हैं। इनके द्वारा अंतरिक्ष यात्राओं और दूसरे ग्रहों पर उतरने के दृश्य भी दिखलाए जाते हैं।

**बढ़ता जा रहा है महत्व:** तारामंडलों का महत्व अंतरिक्ष संबंधी ज्ञान बढ़ने के साथ ही बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण, बादल, कुहरे आदि के कारण आकाश में किसी ग्रह या तारे का पता लगाना बहुत कठिन होता है, लेकिन इन्हें हम तारामंडल में सरलता से देख सकते हैं। उनकी स्थिति, विवरण और गति आदि की पूरी जानकारी भी हमें मिल जाती है। प्लेनेटोरियम की रचना बहुत ही जटिल होती है। इसमें बहुत से लेंस, प्रिज्म और दर्पण लगे होते हैं। अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को शहर में स्थित प्लेनेटोरियम में लगभग 25,000 छोटे-बड़े यंत्र हैं। इस प्रोजेक्टर का वजन लगभग 2.5 टन है। सबसे पहला प्लेनेटोरियम जीज ऑप्टिकल कंपनी, पूर्वी जर्मनी के वाल्टर ने 1923 में बनाया था। आज संसार के सभी देशों में बड़े-बड़े शहरों में प्लेनेटोरियम बने हुए हैं, जिनसे दर्शक अपने ज्ञान की वृद्धि करते हैं। *

प्रस्तुति : एफएमएन

तुम्हारे लिए नई किताब

समीर गांगुली

# मशीनों का सत्याग्रह

बच्चों, पहले कुछ बड़े बच्चों यानी किशोर पाठकों के लिए हिंदी में स्तरीय विज्ञान कथाएं पढ़ने को कम मिलती थीं, लेकिन अब लिखी जा रही हैं। इन्हीं विज्ञान कथाओं में आया है नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित एक रोचक विज्ञान फैंटेसी उपन्यास 'मशीनों का सत्याग्रह'। इसके लेखक हैं सूर्यनाथ सिंह, जिन्हें इससे पहले 'कौतुक एप' नामक साइंस फिक्शन यानी विज्ञान कल्प कथा पर साहित्य अकादमी का बाल साहित्य पुरस्कार मिल चुका है। 'मशीनों का सत्याग्रह' में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटलीजेंस युक्त रोबोट्स द्वारा संचालित और नियंत्रित भविष्य की अतिविकसित दुनिया की रोमांचक कहानी है। सोचो जरा, अगर ये इंटेलीजेंट रोबोट्स एक दिन सामूहिक रूप से विद्रोह पर उतर आए तो दुनिया का क्या हाल होगा? उपन्यास की शुरुआत बाइसवीं सदी के पहले दिन नए वर्ष के उत्सव और उल्लास के माहौल से होती है। उस दौर के भविष्य की कल्पना बहुत ही रोचक अंदाज में करने के साथ ही उस समय के पर्यावरण की स्थिति को भी इसमें दिखाया गया है। सबसे अधिक रोमांच तो तब होता है, जब उत्सव के उस माहौल में अचानक खबर आती है कि रोबोट्स सत्याग्रह करते हुए सड़कों पर उतर आए हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए तुम्हें यह उपन्यास पढ़ना होगा। बच्चों, लेखक ने इस बात का ध्यान रखा है कि तुम तकनीकी शब्दावली और टेक्नोलॉजी की जटिलता में न उलझ कर एक रोमांचक कहानी का मजा लो। बच्चों, इसे तुम नेशनल बुक ट्रस्ट के पोर्टल या ऑनलाइन या फिर नेशनल बुक ट्रस्ट के किसी स्टोर से खरीद सकते हो। *




**किताब:** मशीनों का सत्याग्रह, **लेखक:** सूर्यनाथ सिंह, **मूल्य:**110 रुपए, **प्रकाशक:** नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली

विज्ञान कथा

जाकिर अली 'रजनीश'

करम के दिमाग में एक दिन आया कि क्यों न वह एक ऐसा रोबोट बनाए, जो उसका होमवर्क कर दिया करे। बाजार से सारे कल-पुर्जे मंगवा कर करम ने एक रोबोट बना भी लिया, लेकिन जब उसने रोबोट से होमवर्क के सवाल करने को कहा तो उसने कोई रेस्पॉन्स नहीं दिया। रोबोट ने करम का होमवर्क क्यों नहीं किया?

# इससे तो अच्छा...



अखबार में रोबोट का विज्ञापन देखकर करम के दिमाग में एक विचार कौंधा, 'क्यों न एक ऐसा रोबोट बनाया जाए, जो मेरा होमवर्क कर दिया करे।'

यह सोचकर करम रोमांचित हो उठा। अपनी सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए उसने कंप्यूटर की मदद ली। उसने इस विषय की किताबें खोज-खोज कर पढ़ीं। कई किताबों को पढ़ने के बाद करम को विश्वास हो गया कि वह भी रोबोट बना सकता है। मन में यह विश्वास आते ही वह अम्मी के पास पहुंचा। वह उस समय बेड पर बैठीं टीवी देख रही थीं। करम उनसे बहुत प्यार से बोला, 'अम्मीजान, मैं एक रोबोट बनाना चाहता हूं।'

'अरे वाह, यह तो बहुत अच्छी बात है!' अम्मी ने रोमांचित होकर पूछा, 'लेकिन बेटा, क्या तुम रोबोट बना पाओगे?'

'हां अम्मी, बस कुछ रुपयों की जरूरत पड़ेगी।' करम ने पूरे विश्वास के साथ जवाब दिया। 'ठीक है, लेकिन इससे तुम्हारी पढ़ाई नहीं डिस्टर्ब होनी चाहिए।' अम्मी ने आगाह किया।

'जी अम्मी, आप मुझ पर यकीन करें। मैं अपनी स्टडी बिल्कुल भी डिस्टर्ब नहीं होने दूंगा।' करम ने वादा किया। अम्मी को मालूम था कि करम धुन का पक्का है। वह जो ठान लेता है, करके ही मानता है। इसलिए उन्होंने उसे जरूरत के मुताबिक रुपए दे दिए। करम ने अम्मी का शुक्रिया अदा किया और अपने काम में लग गया।

सबसे पहले करम ने गूगल से रोबोट के कल-पुर्जे बनाने वाली दुकान का पता खोजा, फिर अपनी जरूरत का सामान ऑर्डर कर दिया। रोबोट के कल-पुर्जे वाली दुकान करम के शहर में थी। शाम तक करम का सारा सामान घर पर आ गया। करम ने अपने स्टडी रूम को प्रयोगशाला में बदल दिया और रोबोट बनाने में जुट गया। इस काम में उसे काफी मेहनत करनी पड़ी। जहां कहीं पर वह अटकता, गूगल की मदद ले लेता। इस तरह उसकी समस्या हल हो जाती। वह फिर से अपने काम में जुट जाता।

अंततः करम की मेहनत रंग लाई। उसका रोबोट तैयार हो गया। अपनी इस सफलता पर करम फूला नहीं समाया। उसने रोबोट का नाम रखा-रेंचो।

करम का रोबोट देखकर अम्मी-अब्बा गदगद हो उठे। उन्होंने दिल खोल कर करम की तारीफ की। करम ने अपने दोस्तों को घर बुला कर अपना रोबोट दिखाया। उसके सारे दोस्त भौंचक्के रह गए। सुमित बोला, 'क्या यह सचमुच में होमवर्क के सवाल हल कर पाएगा?'

'क्यों नहीं!' करम मुस्कुराया। उसने रोबोट को आदेश दिया, 'रेंचो, मुझे होमवर्क में जो सवाल हल करने को मिले हैं, उन्हें करके दो।'

रोबोट शांत खड़ा रहा। जैसे उसने करम की बात सुनी ही न हो। यह देखकर करम के दोस्त मुस्कुराने लगे। करम ने रोबोट को दुबारा आदेश दिया, 'रेंचो, तुमने सुना नहीं? मेरा होमवर्क करो।'

लेकिन रोबोट इस बार भी कुछ नहीं बोला। उसके पेट पर लगी स्क्रीन पर कोई संदेश उभर रहा था, लेकिन करम ने उस पर ध्यान नहीं दिया। उसने गुस्से में रोबोट के गाल पर एक झापड़ रसीद कर दिया।

रोबोट लोहे का बना हुआ था। इसलिए करम का हाथ झन्ना गया। वह हाथ पकड़कर बैठ गया और रोबोट को बुरा-भला कहने लगा। तभी करम के अब्बा वहां आ गए। वह बोले, 'यह क्या कर रहे हो बेटा? तुम अपना गुस्सा रोबोट पर क्यों उतार रहे हो?'

'अब्बा, यह मेरा कहना नहीं मानता।' करम गुस्से में बोला।

अब्बा बोले, 'इसमें इसकी क्या गलती?'

'गलती क्यों नहीं है अब्बा?' करम ने सवाल किया,'मैंने आखिर इसे होमवर्क करने के लिए ही तो बनाया है?'

'हां, पर तुमने सिर्फ एक लोहे का ढांचा बनाया है। अगर तुम चाहते हो कि यह सवाल भी हल करे, तो तुम्हें इसके मस्तिष्क में प्रोग्राम करके गणित के सूत्र भी डालने होंगे और यह एक मुश्किल काम है।' अब्बा ने करम को समझाया।

'यह तो मुश्किल काम है।' करम ने बुझे मन से पूछा, 'इसमें कितना समय लगेगा?'

'इसमें दो-तीन साल भी लग सकते हैं। इसके लिए तुम्हें प्रोग्रामिंग सीखनी होगी, सवालों के सूत्रों को कोड में बदलना होगा, फिर उन्हें रोबोट के मस्तिष्क में...।' अब्बा ने बताया।

करम अब्बा की बात बीच में ही काटते हुए बोला, 'इससे तो अच्छा है कि मैं अपने सवाल खुद ही हल कर लूं।'

तभी करम की आंख खुल गई। यह क्या? क्या वह सपना देख रहा था? हां, वह तो मेज पर सिर रख कर सो गया था। शायद अम्मी के पैरों की आहट सुनकर उसकी नींद टूटी थी।

उसी समय अम्मी वहां आ गईं, बोलीं, 'क्या सोच रहे हो बेटा?'

'ज... जी कुछ नहीं।' करम चौंकते हुए बोला और फिर सवाल सॉल्व करने में व्यस्त हो गया। *

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'



# मानव शरीर

भैया यह मानव शरीर है
चलती-फिरती मशीन।
भांति-भांति के लगे हैं पुर्जे
काम हैं जिनके बड़े महीन।
जैसे भवन बना करते
ढेरों ईंटों के मेल से।
वैसे बना शरीर हमारा
छोटे-छोटे सेल से।
पेट हमारी भट्ठी जिसमें
खाद्य पदार्थ जला करते।
अम्ल, क्षार और रस में घुलकर
हर कोशिका को मिला करते।
जैसे कि पंपिंग मशीन
हर घर में जल पहुंचाता है।
वैसे ही सारे अंगों में
हृदय रक्त दौड़ाता है।
शोधक यंत्र हमारे गुर्दे
नियमित काम किया करते।
अच्छी चीजें रख लेते और
गंदा फेंक दिया करते।
खोजी यंत्र हमारी आंखें
देतीं दिमाग को हर संदेश।
कंप्यूटर दिमाग निर्णय लेता
देता है अंगों को आदेश।

## जीके क्विज-143

1. किस वैज्ञानिक खोज की स्मृति में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है?
2. किस भारतीय वैज्ञानिक ने सर्वप्रथम पता लगाया कि पेड़-पौधों में भी जीवन होता है?
3. भारत में परमाणु कार्यक्रम की शुरुआत का श्रेय किस वैज्ञानिक को जाता है?
4. किस भारतीय वैज्ञानिक को 'मिसाइल मैन' के नाम से जाना जाता है?
5. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. खगोलीय वेधशाला 'जंतर मंतर' का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
7. भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
8. हाल ही में यूके में मानद नाइटहुड की उपाधि से किसे सम्मानित किया गया है?
9. किस भारतीय स्वाधीनता सेनानी को 'देशबंधु' के नाम से जाना जाता है?
10. 'वेदों की ओर लौटो' का नारा किसने दिया था?



बच्चों, जीके क्विज-143 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-142 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.पंकज आडवाणी, 3.रेखा गुप्ता, 4.रोलेट एक्ट (1919), 5. 22 दिसंबर, 6.आर.के. नारायण, 7.विटामिन डी, 8.हाइड्रोजन, 9.नाइक्रोम, 10.आर्यभट्ट

**जीके क्विज-142 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, रोहित-बिलासपुर, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, ज्योति-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक, अनिता-महासमुंद, दिव्या-महेंद्रगढ़, कशिश-भोपाल, अमन-रायपुर

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां लैब में एक्सपेरिमेंट कर रहे साइंटिस्ट के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में 7 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.पीछे बाईं तरफ रखा बीकर गायब है। 2.अल्कोहल बर्नर वाली आग नहीं है। 3.एक्सपेरिमेंट करने वाले के चश्मे का रंग बदला है। 4.आगे बाईं तरफ रखा जार गायब है। 5.आगे, दाहिनी तरफ टेस्ट-ट्यूब रैक पर एक के बजाय दो टेस्ट-ट्यूब रखी हैं। 6.दाहिनी तरफ रखे जार का ढक्कन गायब हुआ है। 7.साइंटिस्ट के फ्लास्क का पिंक लिक्विड कमाल का है।

## ढूंढो तो जरा...

बच्चों, दिए गए चित्र में नीचे सोलर सिस्टम और स्पेस रिसर्च से रिलेटेड जुड़े कुछ टर्म्स दिए गए हैं। तुम ऊपर बॉक्सेज में से उन टर्म्स को ढूंढकर बताओ।

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| O | Y | J | U | A | X | I | K | H | N | S |
| I | S | H | U | T | T | L | E | C | A | P |
| W | R | N | G | R | X | B | A | Q | S | A |
| G | R | A | V | I | T | Y | S | H | A | C |
| A | T | M | O | S | P | H | E | R | E | E |
| Y | P | L | A | N | E | T | F | V | D | M |
| T | C | E | X | P | L | O | R | E | S | E |
| T | L | A | U | N | C | H | X | N | O | T |
| J | P | Y | M | C | A | P | S | U | L | E |
| N | C | Q | X | R | D | P | O | S | A | O |
| H | F | N | Y | Y | L | G | J | H | R | R |

LAUNCH
VENUS
SHUTTLE
PLANET
CAPSULE
ATMOSPHERE
EXPLORE
NASA
GRAVITY
METEOR
SOLAR
SPACE

## खबर संक्षेप

### भूपेश ने दिल्ली में संभाला कांग्रेस महासचिव का पदभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय महासचिव एवं पंजाब का प्रभारी बनाए जाने के बाद दिल्ली में



एआईसीसी दफ्तर पहुंचकर कामकाज संभाल लिया है। कोटला मार्ग, नई दिल्ली में नवनिर्मित कांग्रेस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर उनका कार्यालय स्थित है। इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने उनसे मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता के तौर पर भूपेश ही एक मात्र नेता हैं, जिन्हें कमान दी गई है। आने वाले समय में पंजाब राज्य में विधानसभा चुनाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

### ट्रक डाला चोरी आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका थाने की पुलिस ने रिपेयरिंग के लिए खड़े ट्रक का डाला चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिफ्तार किया है। तनिष्क शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने डाला चोरी करने के आरोप में कबीर नगर निवासी गुरबीर सिंग को गिरफ्तार किया है। तनिष्क ने बताया है कि वह अपनी बुआ के लड़के के ट्रक की देखभाल करता है। एक्सीडेंट होने के बाद ट्रक को उसने टाटीबंध नया बायपास स्थित ट्रक बॉडी रिपेयरिंग शॉप में खड़ा किया था। एक सप्ताह पूर्व अज्ञात चोर डाला चोरी कर ले गया। पुलिस ने गुरबीर को सीसीटीवी फूटेज की मदद से गिरफ्तार किया है।

# सोलर पैनल से घरों में होने लगी रोशनी, बिजली बिल की भी बचत

## अब तक ढाई लाख उपभोक्ताओं ने कराया रजिस्ट्रेशन, 3 किलोवाट के सोलर पैनल से 360 यूनिट बिजली तैयार

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



सोलर पैनल लगाने से हर महीने बिजली बिल में बचत होते देख अब छत्तीसगढ़ में भी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों में भी सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार राज्य में अभी तक करीब ढाई लाख लोग प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पोर्टल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी करा चुके हैं, जिनमें से लगभग 40 हजार लोगों ने घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन भी किए हैं। इनमें से एक हजार से अधिक लोगों के घरों में सोलर पैनल लग भी गए हैं। इससे उनके घरों में बिजली का उत्पादन भी होने लगा है, जिससे बिजली बिल में हर महीने अच्छी बचत भी होनी लगी है। यही कारण है कि सोलर पैनल को लेकर लोगों की सोच भी सकारात्मक हुई है, जिससे पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाकर उपभोक्ता हर महीने घर में ही 360 यूनिट बिजली तैयार कर रहे हैं, जिससे बिजली बिल में 20 हजार रुपए तक की बचत हो रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों से आवेदन किए जा रहे हैं। इनमें नक्सल प्रभावित मोहला-मानपुर, सुकमा, नारायणपुर जैसे जिले भी शामिल हैं।

**सब्सिडी के साथ बैंक लोन-** इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी के रूप में छूट भी दी जा रही है। उपभोक्ता को बैंक से दो लाख रुपए का लोन और 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी मिल रही। सोलर पैनल की लाइफ 25 वर्ष की है। इस तरह उपभोक्ता को सोलर पैनल लगाने से 4 लाख 21 हजार 200 रुपए की बचत होगी।

### दो साल में करीब डेढ़ लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य

सूत्रों के अनुसार इस योजना के तहत प्रदेश में दो वर्ष में करीब डेढ़ लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी जिलों में बिजली अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके तहत लोगों को सोलर पैनल के फायदों के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है।

# नशे के सौदागरों की कुंडली बनाकर सफेमा एक्ट के तहत पुलिस संपत्ति जब्त करने कर रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

समाज के लिए परेशानी का कारण बन चुके मादक पदार्थ की खरीदी-बिक्री करने वाले तस्करों पर अंकुश लगाने स्मगलर एंड फारेन एक्सचेंज मेनुपुलेटर्स एक्ट (सफेमा) 1976 को हथियार बनाकर पुलिस कार्रवाई करने की तैयारी में है। पिछले दिनों बिलासपुर में पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 15 तस्करों की सवा चार करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है। उसी तर्ज पर रायपुर में भी पुलिस कार्रवाई करने जा रही है। इसकी पुष्टि एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने की है।

एसएसपी के अनुसार जिले के सभी थानों के टीआई को अपने क्षेत्र में मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में जुड़े लोगों की सूची तैयार कर देने के लिए कहा गया है। इसके बाद तस्करों को चिन्हांकित कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर पिट एनडीपीएस के तहत जेल भेजे जाने की कार्रवाई की जाएगी। बिलासपुर पुलिस ने पिछले दिनों बिलासपुर के बड़े तस्कर गिन्नी जांगड़े , संजीव छाबड़ा, सुरेश कुमार, संतोष राठौर, कृष्णा गाइन सहित 15 तस्करों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की है।



### बैंक के साथ संपत्ति की जानकारी जुटाई जा रही

एसएसपी के अनुसार नशे के सौदागरों की कुंडली तैयार करने के लिए उनके बैंक डिटेल के साथ संपत्ति की जानकारी जुटाने राजस्व विभाग से मदद ली जा रही है। इसके साथ ही पैन कार्ड की जांच की जा रही है। जिनके खिलाफ सफेमा एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी, उनके बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है कि वह कब से नशे के धंधे में लिप्त रहा है। नशे के कारोबार से कितने की संपत्ति अर्जित की है।

### दो माह में 15 लाख से ज्यादा के मादक पदार्थों की जब्ती

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिछले दो माह में 15 लाख रुपए से ज्यादा के मादक पदार्थों की जब्ती है। इनमें प्रतिबंधित नशीला टेबलेट के साथ नशीली सीरप, शराब, गांजा के साथ अन्य तरह के मादक पदार्थ हैं। पुलिस ने गांजा को लेकर जो कार्रवाई की है, उनमें ज्यादातर दूसरे प्रदेश के लोग हैं, जो ओडिशा से गांजा तस्करी कर अपने राज्य ले जाने की फिराक में थे।

### ऐसे लोगों की संपत्ति अटैच की जाएगी

एसएसपी के अनुसार मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार होने तथा जेल से आने के बाद भी मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में जो लिप्त रहते हैं, ऐसे लोगों की पहचान कर संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की जाएगी। मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में जो पूर्व में जिलाबदर हो चुके हैं और आने के बाद भी मादक पदार्थ की खरीद बिक्री कर रहे हैं, ऐसे चार तस्करों की पुलिस ने पहचान की है।

### इन थाना के तस्करों की संपत्ति हो सकती है अटैच

पुलिस ने जिले के सभी थानों से मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त में लगे तस्करों के बारे में जानकारी मांगी है। सूत्रों के मुताबिक कोतवाली के साथ माना, पंडरी, टिकरापारा, खमतराई, मंदर हसौद, आमानाका तथा कबीर नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले आठ से दस तस्करों की जल्द ही संपत्ति जब्त करने की पुलिस प्रक्रिया शुरू कर सकती है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

भंडार विभाग

**ई-टेंडर नोटिस न. एन.आई.टी./14/25/5, तिथि-04-फरवरी-2025**

| Sr. No. | Tender No. | Description | Tender Closing Opening Date & Time | Qty. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02241871 | सेट ऑफ वाइपर आर्म एसेंबली कम्प्लीट (एल. एच.एण्ड आर.एच.-02 नं. ईच ) | 27.02.2025 At 10:30 hrs | 320 सेट |
| 2 | 02244025 | सेट ऑफ ससपेंसन ट्यूब बेयरिंग फॉर डब्ल्यू.ए. जी. - 9 / डब्ल्यू. ए. पी. -7 लोकोमोटिव | 28.02.2025 At 10:30 hrs | 84 सेट |
| 3 | 06245039 | मेन्युफेक्चर एण्ड सप्लाई ऑफ कर्वस | 03.03.2025 At 10:30 hrs | 19378 नग |
| 4 | 06255006 | मेन्युफेक्चर एण्ड सप्लाई ऑफ थिक वेब स्विच एक्सप्रान्शन जॉइन्ट (टी.डब्ल्यू. एस.ई.जे.) स्लीपर्स | 05.03.2025 At 10:30 hrs | 564 सेट |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-2
कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/AM/475

South East Central Railway @secrail



**कार्यालय जेल अधीक्षक जिला जेल बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

**निविदा सूचना का प्रारूप**

**प्रथम अर्द्धवार्षिक निविदा वर्ष 2025-2026**

कमांक 475/निर्वाह/2025 — बैकुण्ठपुर, दिनांक 18 .02 .2025

जिला जेल बैकुण्ठपुर में परिरूद्ध बंदियों हेतु सब्जियाँ कय करने के लिए वर्ष 2025 2026 हेतु सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रूपये -1000/- नगद भुगतान कर अवकाश दिवस को छोड़कर किसी भी कार्यालयीन दिवस में प्रातः 09 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। विज्ञापन की प्रति एवं निवदा फार्म विभागीय वेबसाईट http://jail.cg.gov.in में देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि:- 17 .03 .2025 समय दोपहर 1.00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:- 18 .03 .2025 समय प्रातः 11 .00 बजे
निविदा खोलने की तिथि:- 18 .03 .2025 समय सायं 04 .00 बजे
स्थान:- जेल अधीक्षक जिला जेल बैकुण्ठपुर

अधीक्षक
जेल बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

जी. 242505579/1


# ऑटो के दबाव से मुक्त करने शहर को चार जोन में बांटा जाएगा

हरिभूमि न्यूज:रायरपुर

राजधानी की सड़कों पर अव्यवस्थित तरीके से दौड़ रहे 20 हजार से ज्यादा ऑटो का संचालन स्मूथ करने ट्रैफिक पुलिस ने शहर को चार जोन में बांटकर ऑटो संचालन करने की योजना बनाई है। किस जोन में कौन सा ऑटो चलना है, इसके लिए कलर कोड भी निमर्धारित किया गया है। शहर के व्यस्त मार्ग शास्त्री चौक पर ट्रैफिक का दबाव कम करने तीन माह पूर्व ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो की आवाजाही पर रोक लगा दी है। इसके बाद से शास्त्री चौक पर ट्रैफिक स्मूथ हो गया है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार ऑटो संचालित करने रेलवे स्टेशन, शंकर नगर, बस स्टैंड तथा टैगोर नगर जोन बनाया गया है। सभी जोन का केंद्र बिंदु जयस्तंभ चौक है। ट्रैफिक पुलिस ने सर्वे में पाया है कि शहर में संचालित 10 में से केवल चार ई-रिक्शा को सवारियां मिल पाती हैं। शेष अन्य छह ई-रिक्शा सवारी के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं। इसके कारण शहर के व्यस्त मार्गों पर अकाराण जाम की स्थिति निर्मित होती है। ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो के लिए जो जोन निर्धारित किया है, उसके मुताबिक रेलवे स्टेशन के लिए रेड, बस स्टैंड के लिए पीला, शंकर नगर के लिए हरा तथा टैगोर नगर के लिए नीला कलर है। इन चार जोन में संचालित होने वाले ऑटो में उस कलर की रेडियम पट्टी लगाई जाएगी। साथ ही संबंधित जोन में चलने वाले ऑटो चालक को उसी रंग का ट्रैफिक पुलिस आईडी कार्ड जारी करेगी। इसके अलावा स्कूल बसों के लिए सफेद कलर निर्धारित किया गया है। सफेद कलर को शहर के किसी भी स्थान पर आवाजाही करने छूट रहेगी। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के मुताबिक ऑटो चालक जिस जोन का निवासी होगा, उसे उसी जोन में ऑटो चलाने की अनुमति मिलेगी। विशेष परिस्थिति में ऑटो चालक को किसी अन्य जोन में ऑटो चलाने की अनुमति मिलेगी। इसके साथ ही विशेष परिस्थिति में एक जोन से दूसरे जोन में आवाजाही करने के लिए ऑटो चालक को ट्रैफिक पुलिस से अनुमति लेनी होगी।

संबंधित जोन में ऑटो चलाने वाले ऑटो चालकों को ट्रैफिक पुलिस प्रमाणपत्र जारी करेगी। इसके बाद ही ऑटो चालक को ऑटो चलाने की अनुमति होगी। जोन स्तर पर ऑटो चलाने की कवायद जल्द ही शुरू होने की बात ट्रैफिक पुलिस के अफसर कह रहे हैं। जोन स्तर पर ऑटो चलाने पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर ऑटो चालकों को उनके पसंदीदा क्षेत्र में ऑटो चलाने की अनुमति दी जाएगी। रेलवे स्टेशन जोन - स्टेशन गेट नंबर 01, 02, तेलघानीनाका, गंज, राम नगर, भारतमाता चौक, मौदहापारा, कोटा, सरस्वतीनगर, कबीर नगर, हीरापुर, तेंदुआ, गोगांव, अशोक नगर, समता कालोनी, चौबे कालोनी, रामसागर पारा, बढ़ई पारा, चौक के दाहिने ओर के समस्त क्षेत्र।


**CHHATISGARH HOUSING BOARD, DIVISION 3-MOULSHREE VIHAR VIP ROAD, RAIPUR.**

Advt. No.342

Chhatisgarh Housing Board invites the tender for Selection of an Agency for Operation and Management of a top-end cosmopolitan Social and Health clubhouse "Queen's Club of India", located at VIP Road, Raipur, Chhattisgarh, on license basis for 10 years and further extendable by two more terms of 10 years each. Total site is 1.9 Acres with built-up area of approx. 5,800 sqm. Clubhouse has various sports activities along with 16 key accommodation, banquet hall, lounge spaces & swimming pool area.

For bid processing fee, bid security, eligibility criteria and other details, please visit the website https://cghb.gov.in & http://eproc.cgstate.gov.in The bidder may also contact the Executive Engineer, Chhattisgarh Housing Board, Diivison-3 Raipur over contact number 8224849998.

S-43025 — EE, CGHB, Div- 3, Raipur



**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.) 496001**

(E-mail ID-gmcraigarhhospital@gmail.com)

क्रमांक/चिकि./खाद्य/ 2024-25/1366 — रायगढ़, दिनांक 25 .02 .2025

**द्वितीय निविदा सूचना**

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.) की ओर से चिकित्सालय में उपचार हेतु आने वाले मरीजों/भर्ती अंतः मरीजों उनके परिजनों एवं चाय, नास्ता, भोजन, ताजे फलों का रस एवं दैनिक उपयोग की वस्तुयें प्रदाय करने हेतु चिकित्सालय परिसर के व्यवसायिक क्षेत्र में मल्टी यूटिलिटी फूड सेन्टर संचालन हेतु इच्छुक निविदादाताओं/सेवाप्रदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (फर्म के लेटर हेड में, पैन कार्ड की छायाप्रति के साथ) राशि रू. 2000.00 (दो हजार रूपये मात्र) का डीमांड ड्राफ्ट मूलतः (राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी) अधोहस्ताक्षर्ता के नाम से तैयार कर दिनांक 15 .03 .2025 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि -दिनांक 27 .02 .2025 से 15 .03 .2025 को सायं 5 :30 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक -17 .03 .2025 समय 03 :00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 17 .03 .2025 समय 04 :00 बजे स्थान-संचालक एवं अधीक्षक, चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.)

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय
चिकित्सालय, रायगढ़ (छ. ग.)

जी-242505585/1


# इस गर्मी भी संकटग्रस्त इलाकों की प्यास बुझाएंगे टैंकर, प्रति ट्रिप का किराया 490 रुपये

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रायपुर नगर निगम शहर के जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में 15 मार्च से किराये के टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझायेगा। 490 रुपये प्रति ट्रिप की दर से नगर निगम अनुबंधित ठेकेदार को पानी टैंकर का किराया भुगतान करेगा। यह किराया पिछले साल की तुलना में 40 रुपये ज्यादा है। पिछली गर्मी में 450 रुपये प्रति ट्रिप के के हिसाब से पानी टैंकर का किराया भुगतान करना पड़ा था। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, गर्मी के समय जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में 30 से 35 किराये के टैंकर की जरूरत पड़ेगी। रायपुर शहर इस बार भी टैंकर मुक्त नहीं हो सका है। नगर निगम के जल विभाग ने गर्मी में पेयजल संकट से निपटने किराये के टैंकर चलवाने टेंडर किया, जिसमें 6 ठेकेदारों ने निविदा भरी। इस निविदा में सबसे कम दर 490 रुपये प्रति ट्रिप कोड किया है। अनुबंधित ठेकेदार को 15 मार्च से शहर के चिन्हांकित क्षेत्रों में किराये के पानी टैंकर चलाने होंगे।

नगर निगम द्वारा गर्मी के दिन में पेयजल संकट की स्थिति से निपटने मार्च माह में किराये के टैंकर के लिए निविदा की गई। इस बार ज्यादातर ठेकेदारों ने पिछले बार के किराये के टैंकर की प्रति ट्रिप दर से ज्यादा रेट कोड किया। जल विभाग ने किराये के टैंकर के लिए 490 रुपये प्रति ट्रिप दर तय की है। जो कि पिछले बार की दर से 40 रुपये ज्यादा है।

जल विभाग ने इस गर्मी सीजन में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की प्यास बुझाने 50 लाख रुपये का का टेंडर ट्रिप के आधार पर किया है। विडंबना ये है अमृत मिशन योजना के तहत करीबन 1 लाख 75 हजार घरों में नई पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन देने और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 130 करोड़ रुपये शहर के 15 चयनित वार्डों के 20 हजार घरों में 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना का लाभ इस बार गर्मी के समय लोगों को मिल पायेगा या नहीं, यह स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।


**ACB (India) Limited**

**NOTICE INVITING TENDER**

**Ref. No: ACBIL/270MW/BIOMASS/2024-25/0952**

**Description of work:**

We, ACB (India) Limited Inviting bids from interested Suppliers and Agencies to supply Biomass Pellets for Co-Firing with Coal in our 270 MW Thermal Power Plant.

The scope of work under this package shall include Supply, Loading, Transporting and Delivery of Agro Residue Based Biomass Pellets at ACBIL, 270 MW TPP, Kasaipali site. The pellets supplied shall adhere to the technical specification given in tender document. Bidder has to provide the rates of the torrefied and non- torrefied biomass pellets separately as per the details in tender document.

Interested Agency/Bidder may collect Detailed Tender Document from below mentioned address & submit their bid in sealed envelope on or before closing time and date:

**Tender available from:** 27-Feb-2025 at 11.00 Hrs. to 03-March-2025 at 16.00 hrs.
**Last date of Bid submission:** 07-March-2025 at 17.00 Hrs.
**Address:** ACB (India) Limited, 270 MW TPP, Village-Kasaipali, PO- Jawali, Tehsil- Katghora, District- Korba (CG), PIN- 495445
**Contact Person :** Mr.Kundan Singh-096919 40446
**E-Mail:** environment.270MW@cg.acbindia.com

-S/D-
ACB (India) Limited



**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECITOVE ENGINEER T.D.P.P. WATER RESOURCES DIVISION JAGDALPUR DISTRICT-BASTAR**

**CORRIGENDUM NO. I**

IN NIT No.:-(1) 47/SAC/2024-25, Jagdalpur Dated: 08.01.2025, System Tender No 163780 (1st Call), Whose G-Number- is 242505202 dated 09.01.2025, (2) 48/SAC/2024-25, Jagdalpur Dated: 09.01.2025, System Tender No 163955 (1st Call) and (3) 50/SAC/2024-25, Jagdalpur Dated: 09.01.2025, System Tender No - 163974 (1st Call), Whose G-Number- is 242505267 dated 10.01.2025 following amendments are made-

| S.N. | Amendments |
|---|---|
| 1. | Clause 2.1.6 of Form-"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 466/F-7-7/S-2/31/2001, Nava Raipur, Date 27.01.2025. |
| 2. | Online Tenders are invited up to 05.03.2025, 17:30 Hour |
| 3 | Bid Open start Date and Time 06.03.2025, 11:30 Hours |

**Note:-** Detailed Amendments can be viewed on the web site https://eproc.cgstate.gov.in. All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.

EXECUTIVE ENGINEER
T.D.P.P. WATER RESOURCES DIVISION
JAGDALPUR, DISTRICT-BASTAR (C.G.)

G-242505587/4



**TRN Energy Pvt. Ltd.**

Regd. Office : 18 VasantaEnclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi-110057
Corporate Office : 7th Floor, Corporate Tower, Ambience Mall NH-8, Gurgaon-122002 (Haryana) Ph: 0124-2719000, Fax: 0124-2719185
Email : trnenergy@acbindia.com, info@trnenergy.com

**Invitation of Bids**

Date: 23/02/2025

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO:- Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors for the below mentioned works during the Major Mtc. of 300MW Unit#2 scheduled tentatively from 15 March'2025.

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
|---|---|---|---|
| 1 | TG Bearing Inspection of unit #2 | 1030 | 03.03.2025 @ 14:00 Hrs. |
| 2 | Inspection and coupling alignment of Fans-PA, FD & ID | 1033 | 03.03.2025 @ 14:00 Hrs. |

Details of the scope of work, Terms and conditions are furnished in the NIT document.Please visit web site https://eprocurement.mjunction.in/epspropartner/openarea/tender-list and refer respective **tender Ids** for qualifying criteria and other details.The complete offer along with technical details should be submitted by the bidder on-line on Mjunction website as per the timeline mentioned in the above table.

**Contact details:**
Name : Sunil Kumar
Contact No. : 9868392867
Email Id : sunil.kumar@acbindia.com



**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

email: kotamandisamiti4951@gmail.com telephone : 07753253248

क्र./मंडी/निर्माण/2024-25/787 — कोटा, दिनांक 26 .02 .2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मंडी समिति कोटा में 05 नग एम.आई.जी. टाईप स्टाफक्वार्टर निमार्ण हेतु कार्यालयीन पत्र क्रमांक 605 दिनांक 16 .01 .2025 दैनिक समचार हरिभूमि दिनांक 18 .01 .2025 से निविदायें आमंत्रित की गई थी। परन्तु प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव हेतु आचार संहिता लागू हो जाने से निविदा प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। अतः उपरोक्त कार्यो हेतु निविदा के संबंध मे तिथि निम्नानुसार जारी की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र की अंतिम :- 07 .03 .2025 (अपरान्ह 5 .00 तिथि)
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की शुल्क नगद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का अंतिम तिथि : - 10 .03 .2025 (अपरान्ह 5 .00 बजे)
3. निविदाऐं रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट से कार्यालय में प्राप्त करने का दिनांक :-17 .03 .2025 (अपरान्ह 5 .00 बजे )
4 निविदा खोलने का दिनांक :-18 .03 .2025 (दोपहर 1.00 बजे)

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त/देखे जा सकते है, जो कि निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग होगा।

श्री शुत्रहन लाल वर्मा, सचिव, कृषि उपज मंडी समिति कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
आर. ए. साहू, भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

संवाद-43019



**MANAPPURAM FINANCE LTD.**

CIN: L65910KL1992PLC006623, Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17/03/2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बिलासपुर, बस स्टैंड बिलासपुर, 117040700024871, 4892, लिंक रोड बिलासपुर, 131560730019000, महाराणा प्रताप चौक, 124630700020086, 0099, 124630730019731, मंगला चौक बिलासपुर, 122000700024887, 4900, 4953, 4990, 122000730033486, 122000750000125, सदर बाजार बिलासपुर, 129660700005997, 129660700017983, 8010, 8039, 8042, सरकंडा बिलासपुर, 121440700023180, 3181, 3287, 121440730028440, 121440780000126, व्यापार विहार, 115450730026103, 115450780000191, जंजगीर चंपा, अकलतरा, 138220700004065, बरपाली चौक जाँजगिर-चांपा, 134380730022127, 2206, कोर्बा, कोसाबाडी, 125440700027137, 7151, 7217, निहारिका टॉकीज, 116970700021887, पॉवर हाउस रोड, 114460700017501, टी पी नक्सर, 126470730028155, ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा, 114450730043295, 3416, 3443, रायगढ़, जगतपुर छत्तीसगढ़, 123720700033078, 3097, रामनिवास टॉकीज रोड़, 117520700035234, 5250, 5279, सरगुजा, अंबेडकर चौक अंबिकापुर, 131880700021349, 131880730031794, ब्रह्मा रोड अंबिकापुर, 131900700013036,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रु.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छग के 3000 से .....

47,005 विद्यालयों में टॉयलेट की सुविधा है, लेकिन इनमें से 44 हजार 922 विद्यालयों में ही टॉयलेट का इस्तेमाल हो रहा है। इस तरह से 3 हजार 11 स्कूल ऐसे हैं, जहां या तो टॉयलेट नहीं है अथवा वे इतनी जर्जर स्थिति में है कि उनका इस्तेमाल संभव नहीं है। लड़कियों के विद्यालय के इतर लड़कों के स्कूलों की स्थिति अधिक विकट है। प्रदेश में ऐसे विद्यालयों की संख्या जहां लड़के भी अध्ययन करते हैं, 47 हजार 638 है। इनमें से 45 हजार 437 स्कूलों में टॉयलेट है, जबकि 41 हजार 750 स्कूल ही ऐसे हैं, जहां टॉयलेट का इस्तेमाल हो रहा है। इस तरह से लड़कों के 5 हजार 888 स्कूलों में या तो टॉयलेट है ही नहीं या तो इतनी खराब स्थिति में है कि उसका इस्तेमाल हो ही नहीं रहा है। इसके बावजूद आंकड़ों में स्थिति कई राज्यों से बेहतर है। टॉप राज्यों में देखे तो चंडीगढ़ अव्वल है, जहां 100 फीसदी टॉयलेट का इस्तेमाल हो रहा है। इसके विपरीत अरुणाचल सबसे फिसड्डी है। छग की स्थिति औसत मानी जा सकती है।

### अब... ग्राउंड रिपोर्ट .....

में शौचालय जर्जर है, जिसे उपयोग में नहीं लिया जा रहा। बच्चों के साथ परेशानी बनी है। यह केवल दरभा ब्लॉक का मामला नहीं, जिले में ऐसे अनेक शालाओं में शौचालय का यही हाल है। अधिकारियों के अनुसार, बस्तर जिला शिक्षा अधिकारी को 12 दिन पहले डिमांड बनाकर प्रेषित किया गया है। जबकि खंड स्तर पर फंड की कमी के चलते निर्माण कार्य रूकने की बात कही जा रही है।

### कांग्रेस ने ईडी ....

जानकारी चार बिंदुओं में मांगी थी। ईडी कार्यालय पहुंचे मलकीत सिंह गैंदू से लगभग 8 घंटे की पूछताछ हुई। उसके बाद वे बाहर आए। उन्होंने बताया कि ईडी ने जो जानकारी मांगी थी, वह कांग्रेस की ओर से उपलब्ध करा दी गई है। हमने 33 पेज की जानकारी उन्हें उपलब्ध कराई है। हमारी जानकारी से ईडी के अफसर संतुष्ट भी हैं। उन्होंने इससे संबंधित मामलों में कुछ सवालों को लेकर वहां बयान दर्ज किया है। अब 3 मार्च को उन्होंने मुझे फिर एक बार बुलाया है।

### सुशील ओझा को ....

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रकरण से संबंधित मामले में कुछ लोगों के बारे में उनसे जानकारी ली गई है।

### *गैंदू को घंटों बिठाए रखना ....*

जानकारी को उपलब्ध कराया जायेगा। ईडी ने भाजपा के इशारे पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी को अनावश्यक घंटों बैठाये रखा है। ईडी भाजपा के अनुषांगिक संगठन की भांति काम कर रही है, जो सर्वथा अस्वीकार्य है।

### जीएसटी-सीमा शुल्क ....

दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और संविधान के अनुरूप नहीं हैं। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया सहिंता (सीआरपीसी) और उसके बाद बने कानून-भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधान अग्रिम जमानत जैसे मुद्दों पर सीमा शुल्क और जीएसटी अधिनियमों के तहत भी आरोपी पर लागू होंगे। अदालत ने कहा कि जीएसटी और सीमा शुल्क अधिनियमों के तहत संभावित गिरफ्तारी का सामना करने वाले व्यक्ति प्राथमिकी दर्ज होने से पहले भी अग्रिम जमानत का अनुरोध करने के हकदार हैं। विस्तृत फैसले का इंतजार है। इस मामले में मुख्य याचिका राधिका अग्रवाल ने 2018 में दायर की थी।

### नकाबपोश तलवार-कट्टा लेकर ....

मामले की जांच कर रही है लेकिन फिलहाल पुलिस को आरोपियों के संबंध में कोई महत्वपूर्ण सुराग नहीं मिल पाया है। वहीं इस घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली और रात्रिगस्त की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए है।

### 'सफाईवीरों' की सैलरी ...

में रुपए भी भेजे जाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अस्थायी स्वास्थ्य कर्मचारियों को सीधे बैंक हस्तांतरण दिया जाएगा और उन सभी को स्वास्थ्य कवरेज के लिए आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाएगा, जिससे बेहतर कल्याण और सहायता सुनिश्चित होगी। योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार समेत प्रदेश कैबिनेट के मंत्रियों और अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन किया।

### यह भारत की विकास...

धारा, ऐसे ही बहती रहे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है और यह संदेश है 'विकसित भारत' का। उन्होंने इस आयोजन को एकता का महाकुंभ करार देते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोग इस महाकुंभ में एक हो गए। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा।

### सदन में गरमाया जल...

ग्राम सभा ने अनुमोदन किया है। अप्रैल 2023 में हैंडपंप का टेंडर हुआ, इसके बाद काम का विश्लेषण कर एक साथ सरकार ने छह एक्जिक्यूटिव इंजीनियर को सस्पेंड किया गया था। रमन ने अजय को टोका, कहा- बंधु-बंधु नहीं मंत्री कहिए- चंद्राकर ने बीच में टोकते हुए कहा, स्रोत विहीन ऐसे कितने गांव हैं, जहां पाइप लाइन डल गई है और टंकी बन गई है। मंत्री ने कहा, विस्तार से उत्तर दिया है। चंद्राकर साव को बंधु बंधु कहकर पुकारने लगे, इस पर रमन सिंह ने उन्हें टोका और कहा, मंत्री कहिए। चंद्राकर ने कहा नलकूप के बारे में सवाल नहीं पूछा। अरुण साव ने जवाब दिया नलकूप खनन का काम अप्रैल 2023 से शुरू हुआ। हर एक स्कीम में जब डीपीआर तैयार हुई, ग्रामसभा से अनुमोदन हुआ। नलकूप खनन देर से शुरू हुआ, इसलिए स्रोत की दिक्कत आ रही है। स्रोत विहीन गांवों की संख्या 653 है। इसमें 1 लाख 32 हजार 717 घरों में नल कनेक्शन हुए हैं।

### हिड़मा के पीएलजीए...

भाकपा माओवादी संगठन में कार्यरत 8 लाख रुपए के इनामी पार्टी सदस्य, एओबी डिविजन में कार्यरत 5 लाख के इनामी, जगरगुण्डा एरिया कमेटी एवं दक्षिण सब जोनल ब्यूरो में कार्यरत 5-5 लाख रुपए के इनामी 2 एरिया कमेटी मेंबर पर कुल 23 लाख रुपए का इनाम घाषित था। इन चार इनामी माओवादियों समेत 9 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

### समर्पित नक्सलियों में...

मड़कम ऊर्फ मधु निवासी पेद्दाधरमावरम पटेलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, रामा पूनेम ऊर्फ टक्का निवासी चिन्नागेलुर नदीपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर तथा हुंगा माड़वी ऊर्फ कटटी निवासी धरमावरम पटेलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर शामिल है।

### लखमा की याचिका ...

लखमा की ओर से वकील ने दो सप्ताह पूर्व उसके बचाव पक्ष में उसे निर्दोष बताते हुए झूठे मामले में फंसाने और परेशान करने का आरोप लगाया था। इसके साथ ही ईडी को छापेमारी के दौरान उनके घर से एक पैसा भी बरामद नहीं हुआ और आपत्तिजनक दस्तावेज नहीं मिलने की जानकारी दी थी। वहीं ईओडब्ल्यू की ओर से इस मामले में कवासी लखमा पर शराब घोटाले में हर महिने 50 लाख रुपए कमीशन सहित करीब दो करोड़ रुपए लेने का आरोप लगाते हुए अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करने की मांग की गई थी। शराब घोटाले के मामले में ईडी ने पूर्व मंत्री लखमा को 21 जनवरी को रायपुर के स्पेशल कोर्ट में पेश किया था। इस दौरान रिमांड खत्म होने के बाद कोर्ट ने कवासी लखमा को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस दौरान ईडी के वकील ने कोर्ट में अपनी दलील पेश करते हुए कहा था कि लखमा पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं, ऐसे में उन्हें जेल भेजा जा सकता है। कोर्ट में ईडी के वकील ने लखमा पर आरोप लगाए कि उनका नाम इस शराब घोटाले से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जांच में उनका सहयोग जरूरी है।

### दिल्ली में दंगल, सदन...

आप विधायकों को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। आप ने कहा कि वह मुख्यमंत्री कार्यालय से बी.आर. आंबेडकर की तस्वीर कथित रूप से हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रही थी। आप नेताओं ने गुरुवार को विधानसभा परिसर के गेट के बाहर धरना दिया।

### 100 करोड़ के ईएसआईसी...

ईएसआईसी हॉस्पिटल जुनवानी का भवन 100 बिस्तर का तैयार किया गया है। हाल यह है कि यहां 100 बिस्तर के हिसाब से सेटअप नहीं होने की वजह से केवल 30 बिस्तर का ही संचालन करवाया जा रहा है। 30 बिस्तर के हिसाब से डॉक्टर की पदस्थापना की गई है। जिसमें आंख, नाक, कान व गला, दांत, आर्थो, स्कीन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु और जनरल मेडिसिन की ओपीडी है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925



HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है



सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें ....
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-काव्या इंटरप्राइजेस में टेलीकॉलिंग, ऑफिस एवं फील्ड कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 8000 से 10000 सम्पर्क करें- HDFC बैंक के सामने मेन रोड तोरवा बिलासपुर 6268047695, 7509347230 **(36971)**

**आवश्यकता है**-पेट्रोल पम्प में पम्प ऑपरेटर, मैनेजर ड्राइवर, सफाई कर्मी, चौकीदार एवं अन्य कर्मचारियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- जियो बीपी मंदिर चौक बिलासपुर 9201205677 **(36966)**

**आवश्यकता है**-दुकान में कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति तुरन्त सम्पर्क करें-कॉसमॉस क्रॉकरी सेन्टर जगदीश लॉज के बाजू में सदर बाजार बिलासपुर 7089315253 **(36973)**

**आवश्यकता है**-बॉयज हॉस्टल में पुरुष चौकीदार की आवश्यकता है रहना फ्री रहेगा सम्पर्क करें देवांगन बुक स्टाल सिटी सेन्टर कॉम्प्लेक्स, मारुति शोरूम के पास बिलासपुर 9300227355 **(36965)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर एवं रायपुर में घर काम करने हेतु लड़की एवं महिला की आवश्यकता है रहने, खाने की सुविधा मुफ्त रहेगी। वेतन 10000 से 12000 प्रति माह सम्पर्क करें- 9244664654, 9109511248 **(36969)**

**आवश्यकता है**-एक शिक्षित व्यक्ति की आवश्यकता है जो 2-3 घंटे 5 वर्षीय बालक को पढ़ाने एवं गतिविधी हेतु सक्षम हो सम्पर्क करें- 78802 41761, 9425219432 वेतन योग्यता अनुसार **(36964)**

**आवश्यकता है**-एक अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है जो जीएसटी टैली का काम जानता हो सम्पर्क करें- सीए अरुण अग्रवाल मेन रोड विद्या नगर बिलासपुर 9329193601 **(36963)**

**आवश्यकता है**-हार्डवेयर एवं लोहा दुकान में कार्य हेतु अनुभवी लड़का चाहिए (कार चलाना जानता हो) बायोडाटा सहित शाम 4बजे के बाद सम्पर्क करें बालाजी सेल्स कार्पोरेशन, मंगला चौक बिलासपुर 9827152999, 6263256324 **(36955)**

**आवश्यकता है**-पति पत्नी एक साथ (परिवार वाले) काम करने वाले लेबर की आवश्यकता है बिलासपुर में रह कर काम करना है फेक्ट्री में सम्पर्क करें- 9425272222 **(36957)**

**आवश्यकता है**-आर्टिफिशियल ज्वेलरी शॉप में लड़के, लड़कियां चाहिए। लड़कों के लिए आवास सुविधा वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- फैशन परेड, हनुमान मंदिर के सामने देवकीनंदन चौक, बिलासपुर 9827462467, 9300612477 **(36972)**

**आवश्यकता है**-घर की साफ सफाई हेतु महिला की आवश्यकता है। समय सुबह 9 से दोपहर 2 (5घंटे) वेतन 200 से 250/- रोजी सम्पर्क- रामा वर्ल्ड, सिरगिट्टी मोड़, रायपुर रोड, बिलासपुर, 93406 00776 **(36961)**

**आवश्यकता है**-नर्सिंग स्टाफ (BSc नर्सिंग GNM) OT टेक्नीशियन, X-Ray टेक्नीशियन, PRO, कुक, ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- मूंदड़ा हॉस्पिटल, गंगा नगर फेस-2 बिलासपुर 8349054531 **(36950)**

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने हेतु बीजी सॉफ्टवेयर जानकार कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- माँ अम्बे रेडीमेड लैण्डमार्क काम्प्लेक्स के सामने करबला रोड बिलासपुर 8959395941 **(36954)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर विनोबा नगर, तिफरा बोदरी, चकरभाठा, बेलमुण्डी हेतु सुरक्षागार्ड की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार तीन फोटो आधार कार्ड सहित तत्काल सम्पर्क करें- 77738 95202, 8109314893 **(36959)**

**आवश्यकता है**-नल, पाइप फिटिंग सैनिटरी के थोक दुकान में काम करने हेतु अनुभवी फील्ड सेल्समैन एवं लड़के चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार पता- गीता ट्रेडर्स, काली मंदिर के पास, तिफरा 9179017779, 97523 17779 **(36960)**

**आवश्यकता है**-शैल वस्त्रालय में अनुभवी सेल्समैन सेल्सगर्ल मेन्स एण्ड वुमैन वियर हेतु- 4, हेल्पर- 4, फोल्डर- 2, अटेंडर- 1 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शैल वस्त्रालय, मेन रोड सत्यम चौक के पास, मसानगंज बिलासपुर 9238107105, 9238107108 **(36956)**

**आवश्यकता है**-एक प्रशिक्षित पढ़ा लिखा सेल्समैन चाहिए जिसे मार्केटिंग का अनुभव हो सम्पर्क करें- 12 से 1बजे तक हरपालदास एण्ड सन्स सोनथलिया एजेन्सी के सामने, जोन-2 व्यापार विहार बिलासपुर 7509012125, 9993810000 **(36953)**

**आवश्यकता है**-हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु नर्स (BSc नर्सिंग) टेक्नीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर मार्केटिंग स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 5 से 7बजे तक सांईबाबा हॉस्पिटल रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 9827150429 **(36949)**

**आवश्यकता है**-सफाई कर्मचारी, रिसेप्शन के लिए अनुभवी व्यक्ति, कुक एवं हेल्पर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- होटल शिवनेरी सीएमडी कालेज ग्राउंड के सामने लिंक रोड बिलासपुर 7776864202 **(36962)**

**आवश्यकता है**-चश्मा शोरूम में काम करने हेतु सेल्समेन चाहिए वेतन 8000 से 15000 योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- गुरुनानक चश्मा राजीव प्लाजा जिला चिकित्सालय के सामने पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर **(36945)**

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है एक्सपीरियंस, टैली के नॉलेज के साथ बेसिक जानकारी भी हो सम्पर्क करें- एक्सपर्ट सिक्योरिटी सर्विस, साईं धाम, जेजे हॉस्पिटल के पास, तोरवा बिलासपुर 8253010291 **(36951)**

**आवश्यकता है**-यूटीएन शॉप में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000 से 15000 पता- शॉप नं.-16, फर्स्ट फ्लोर सीएसी. प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 7999594790, 07752-491771 **(36909)**

**आवश्यकता है**-फेब्रिकेशन कार्य हेतु 2 वेल्डर, 4 हेल्पर एवं शटर कार्य हेतु शटर मिस्त्री की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार, आवास सुविधा है सम्पर्क करें- उमेश इंजीनियरिंग धुरीपारा, मंगला, बिलासपुर 9827173227, 9098220011 **(36926)**

**आवश्यकता है**-होटल में वेज, नानवेज, चाइनीज आइटम बनाने हेतु अनुभवी कुक, एवं वेटर लड़के, लड़कियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दादर रेस्टोरेन्ट कैफे, सीजी प्लाजा अग्रसेन चौक बिलासपुर 9752048589, 92442 92387 **(36891)**

**आवश्यकता है**-दुकान एवं सेल में कार्य करने हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता समय सुबह समय 9बजे सम्पर्क करें- विशाल स्टोर मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827908228 **(36928)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस में रिसेप्शनिस्ट/ मैनेजर कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार ऑफिस टाईम शाम 6 से 9बजे सम्पर्क करें- स्टार डेवलपर्स एण्ड कंसल्टेंसी, बृहस्पति बाजार 9893082324 **(36938)**

**आवश्यकता है**-Hp world बिलासपुर में सेल एवं सर्विस के लिए अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करे- 9300803301 **(36968)**

**आवश्यकता है**-कृषि भूमि सर्वे कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्ञान एवं स्वयं का मोटर साइकिल होना आवश्यक है बायोडाटा सहित 70008 67969 पर अपना डिटेल भेजें **(36946)**

**आवश्यकता है**-क्लासिक आईस वर्ल्ड में पिकअप, कार चलाने हेतु अनुभवी दो ड्राइवर एवं सप्लाई हेतु दो युवक की तत्काल आवश्यकता है सम्पर्क करें-लक्ष्मी निवास के सामने, लोधीपारा सरकंडा, बिलासपुर 9827158819 **(36948)**

**आवश्यकता है**-मोबाइल दुकान मे काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 **(36944)**

**आवश्यकता है**-वेटर/ झाड़ू पोछा साफ सफाई के लिए कर्मचारी/ लड़को की आवश्यकता है वेतन 10000 ग्रामीणों को भोजन आवास निःशुल्क सम्पर्क करें-अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9406390898, 98279 40898 **(36917)**

**आवश्यकता है**-फैक्ट्री मेस कैंटीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 8871824812, 9993334937 **(36927)**

**आवश्यकता है**-ड्राइवर चाहिए बकुल अगरबत्ती में छोटा हाथी एवं वैन चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है, लाइसेंस सहित सम्पर्क करें- बकुल अगरबत्ती, गुरुद्वारे के पास मेन रोड दयालबंद बिलासपुर 8649999999 **(36929)**

**आवश्यकता है**-Cloud 9 स्पा एण्ड सेलून में काम करने के लिए तोरवा में महिला टेलीकॉलर, महिला थैरेपिस्ट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 6399166000 **(36933)**

**आवश्यकता है**-OMI कम्पनी में लड़के लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28वर्ष, आय 8500 से 18000+ रहना खाना पता- न्यू बस स्टैंड बिलासपुर 8818877406, 9644433021 **(36932)**

**आवश्यकता है**-होलसेल खिलोना दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़को की आवश्यकता है जिसे खिलोना दुकान मे काम करने, कार्टून पैकिंग का अनुभव हो सम्पर्क करें- तेलीपारा बिलासपुर 7711006641, 9753330000 **(36813)**

**आवश्यकता है**-आफिस में बैठने हेतु युवक चाहिए बाइक चलाना जानता हो सम्पर्क करें- गगन फ्लैक्स 27खोली चौक बिलासपुर सुबह 11बजे से 2बजे तक एवं शाम 5बजे से रात 11बजे तक 9039768650 **(36940)**

**आवश्यकता है**-मेडीकल एजेन्सी में सेल्समैन, पेमेन्ट कलेक्शन, टेलीकॉलर, पैकिंग कार्य आदि हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी, फ्रेशर सम्पर्क करें- सिटी केमिस्ट, 19, मेडिकल काम्प्लेक्स, केमिस्ट भवन के पास, बिलासपुर **(36942)**

**आवश्यकता है**-सीए आफिस में काम करने हेतु चपरासी (प्यून) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 4 से 8बजे तक पलाश पमनानी एंड एसोसिएट्स सिन्ध ऑटो स्टोर्स के पास गांधी चौक बिलासपुर **(36930)**

Medicare Specialists



छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

**आवश्यकता है**-फील्ड ऑफिसर, काउंसलर, टेलीकॉलर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 8000 से 20000 सम्पर्क करें- शीला शिखर कॉम्प्लेक्स, अशोक नगर चौक के पास, सीपत रोड सरकंडा, बिलासपुर 9244110169, 6267598299 **(36937)**

**आवश्यकता है**-नौकरी का अवसर सिविल साइट सुपरवाइजर मुख्य जिम्मेदारिया साइट संचालन की निगरानी, प्रबंधन गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना, ठेकेदारों, श्रमिकों के साथ समन्वय करना, परियोजना की प्रगति पर नजर रखना, प्रबंधन को रिपोर्ट करना योग्यता निर्माण साइट सुपरविजन का अनुभव मजबूत नेतृत्व, संगठनात्मक कौशल निर्माण सामग्री, सुरक्षा प्रोटोकॉल का ज्ञान स्थान सरकंडा बिलासपुर अभी आवेदन करें-79700 10958 **(3336)**

**आवश्यकता है**-वन विभाग तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वन रक्षक, फील्ड ऑफिसर, माली, सिपाही, ड्राइवर, वेतन- 27500 से 52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, मार्क शीट, पैन कार्ड व्हाट्सएप करे- 7460994309 **(701)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 वर्ष तक सैलरी 5000+ कमीशन बोनस सम्पर्क करें- 8085106943 **(3338)**

**आवश्यकता है**-सुपर बाजार में काम करने लिए स्मार्ट युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- जय भोले सुपर बाजार कारगिल चौक के पास सिन्धी कालोनी बिलासपुर 70007 62795 **(36931)**

**आवश्यकता है**-थोक दवाई एजेन्सी में माल निकालने, पैकिंग, जमाने करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं ड्राइवर चाहिए इच्छुक सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर **(36920)**

**आवश्यकता है**-चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों और लेबर कार्य हेतु पुरुष एवं ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर 7469980000, 0771-4075490 **(6230)**

**आवश्यकता है**-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 8981475043, 74397 36348 **(704)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद 8000 से 10000 प्रति महीना शीघ्र सम्पर्क करें- बिलासपुर 8085899216 **(3337)**

**आवश्यकता है**-बम्पर भर्ती OMMI मल्टीनेशनल कम्पनी को 140 से अधिक लड़के, लड़कियां की आवश्यकता है आय 10500 से 18500 प्रतिमाह आवास, खाना फ्री परमानेन्ट जॉब पता- दीपसागर कालोनी बिलासपुर 80034 02269, 9519393913 **(36922)**

**आवश्यकता है**-फैक्ट्री होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, लेडीगार्ड, मार्केटिंग अधिकारी योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5'7" वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क- Alert SGS Private Limited, 434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर 7746000016, 87200 05500 **(3160)**

**आवश्यकता है**-सिक्युरिटी गार्ड, मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 14500 से 18000 सम्पर्क करें- टैंगो सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड ऑफिस 603 ऑरेंज हाइव 6th फ्लोर मोवा रायपुर 8109070600, 78692 30888 **(2476)**

**आवश्यकता है**-टेलीकालिंग ऑफिस कार्य हेतु महिलाएं युवतियां चाहिए योग्यता 10वीं 12वीं स्नातक समय 9 से शाम 5, सैलरी 5000 से 15000 सम्पर्क करें-स्मार्ट रोड नेहरु नगर गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 **(1380)**

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

## बेचना है

**बेचना है**-नेहरू नगर प्राईम लोकेशन अर्चना विहार के पास दो मंजिला 3BHK स्वतंत्र पूर्व दिशा मकान एवं सकरी NH से लगा T&C कालोनी में प्लाट एवं 2BHK नवनिर्मित स्वतंत्र मकान बेचना है। सम्पर्क- घोष एसोसिएट्स 9425220523, 9827875257 **(36967)**

**बेचना है**-हर्ष- फिनिक्ससिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 **(36177)**

**बेचना है**-बलराम टॉकीज रोड में स्टेट बैंक के पास दुकान साइज 10×12 नीचे एवं 10×12 ऊपर की दुकान बेचना है सम्पर्क करें- 9926127230 **(36925)**

**बेचना है**-बिलासपुर में श्रीराम टावर व्यापार विहार के प्रथम तल एफ ब्लॉक में 1500 वर्गफुट का हॉल/ ऑफिस मार्बल लगा हुआ दो बाथरूम अटेच, लिफ्ट सुविधा के साथ बेचना है सम्पर्क करें- 9425219078 **(36941)**

## व्यापार

**व्यापार**-अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रति माह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट सम्पर्क करें-APS इंटरप्राईजेस रायपुर- 9111760925, 7477221345, बिलासपुर- 8359913999, 95892 88936 रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871 **(3194)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान का सफर 9 दिन में खत्म, बिना कोई मैच जीते बाहर हुआ गत चैंपियन

एजेंसी ▶▶ रावलपिंडी

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच ग्रुप-ए का मुकाबला बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। रावलपिंडी में बारिश की वजह से टॉस तक नहीं हो सका। इसी के साथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान के सफर का बुरा अंत हुआ है। टीम तीन में से एक भी मैच नहीं जीत पाई। गुरुवार को बारिश के कारण मैच रद्द होने की वजह से दोनों टीमों को एक-एक अंक तो मिला, लेकिन रिजवान की टीम ग्रुप-ए में आखिरी स्थान पर रही। बांग्लादेश ने उनसे ऊपर तीसरे स्थान पर रहते हुए सफर का अंत किया। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जबकि बांग्लादेश को भी इन्हीं दोनों टीमों के खिलाफ शिकस्त मिली।

### नहीं पेश कर सका चुनौती

पाकिस्तान ने अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में कीवियों ने मेजबानों के खिलाफ 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना भारत से हुआ जिसमें टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 241 रन के स्कोर पर ही रोका और लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने सामने मोर्चा संभाला और 43.2 ओवर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। यूं तो पाकिस्तान की उम्मीदें दो मैच हारने के साथ ही खत्म हो गई थी, लेकिन उसकी संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त न्यूजीलैंड की बांग्लादेश पर जीत ने कर दिया।





### बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

पाकिस्तान ने इसके साथ ही कुछ अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। 2009 के बाद यह पहली बार है जब चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबान टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई है। आखिरी बार ऐसा दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था जब टीम ने तीन में से दो मैच हारे और एक में उसे जीत मिली थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम उस वक्त ग्रुप में सबसे नीचे रही थी।

### चौथी टीम जो नहीं कर पाई खिताब का बचाव

इतना ही नहीं पाकिस्तान ऐसी चौथी टीम है जो चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब का बचाव करने उतरी, लेकिन ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई। पहली बार ऐसा 2004 में हुआ जब भारत और श्रीलंका ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। भारत और श्रीलंका 2002 में इस टूर्नामेंट के संयुक्त विजेता बने थे। आखिरी बार 2013 में ऐसा हुआ था जब गत चैंपियन टीम ग्रुप चरण में बाहर हो गई थी। उस वक्त ऑस्ट्रेलिया कोई मैच नहीं जीत सकी थी।

### पाकिस्तानी संसद में उठेगा मेजबानों की हार का मुद्दा

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम के खिलाड़ियों से चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबानों के खराब प्रदर्शन पर चर्चा करेंगे। इसकी जानकारी राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की सरकार टीम के जल्दी बाहर होने से खफा है। 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रही पाकिस्तान की टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में दो करारी हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर व्यक्तिगत रूप से बात करेंगे। वह क्रिकेट से जुड़े मुद्दों को कैबिनेट और संसद में उठाएंगे।

## खबर संक्षेप



### कप्तान के रूप में भविष्य पर करूंगा आकलन

**लाहौर।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने अफगानिस्तान के खिलाफ हार के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद कहा कि टीम के कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर फैसला करने से पहले वह अगले कुछ सप्ताह इस बात का विश्लेषण करने में बिताएंगे कि वह 'समस्या का हिस्सा हैं या समाधान का'। इंग्लैंड को 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से हार का सामना करना पड़ा। बटलर के नेतृत्व में इंग्लैंड का यह लगातार तीसरा असफल आईसीसी टूर्नामेंट अभियान था। इससे पहले भारत में 2023 विश्व कप और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में 2024 टी20 विश्व कप में टीम को निराशा का सामना करना पड़ा।

### आज मुंबई की नजरें बदला चुकता करने पर

**बेंगलुरु।** पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी। तो उसकी नजरें लीग की शीर्ष दो टीम के बीच होने वाले इस मुकाबले को जीतकर पहले चरण में मिली हार का बदला चुकता करने और जीत का क्रम जारी रखने पर टिकी होंगी। इसी महीने वडोदरा में हुए चार मैच में सिर्फ दिल्ली की टीम मुंबई इंडियन्स को हराने में सफल रही थी और शुक्रवार को जब हरनमप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम मैदान पर उतरेगी तो इस हार का बदला चुकता करना चाहेगी।



### बतौर कप्तान रोहित परिपक्व हो गए हैं

**दुबई।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा पिछले कुछ वर्षों में कप्तान के रूप में परिपक्व हुए हैं और अपने साथियों के साथ उनका करीबी रिश्ता है जो भारतीय टीम के लिए अच्छा है। काफी समय तक रोहित के सलामी जोड़ीदार रहे धवन ने कहा कि मुंबई का यह बल्लेबाज टीम को संभालने के लिए काफी अनुभवी है। धवन ने कहा, '2013 से 2025 तक, 12 साल का अनुभव बहुत है।

## चैंपियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मार्च को अंतिम लीग मैच खेलेगी भारतीय टीम

# जीत की हैट्रिक पर भारत की नजर, रोहित ने बनाई दूरी, विराट ने किया कड़ा अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में विजयी रथ पर सवार भारतीय टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड से टकराएगी। यह मुकाबला 2 मार्च को दुबई में खेला जाएगा। इस मैच से पहले भारतीय टीम ने गुरुवार को अभ्यास किया। चोटिल भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने नेट्स में बल्लेबाजी नहीं करने का विकल्प चुना। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अकादमी मैदान में अंडर लाइट प्रशिक्षण लिया। शुभमन गिल ने अभ्यास नहीं कया, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर कोई चिंता नहीं है। रोहित शर्मा को हल्की फिटनेस ड्रिल करते देखा गया। भारतीय कप्तान ने नेट्स में बल्लेबाजी करने से परहेज किया। उन्होंने स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के साथ काफी समय बिताया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान रोहित को हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैदान से बाहर रहे थे। पाकिस्तान की पारी के दौरान वह तकलीफ में नजर आए थे। उन्हें चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता पड़ी। हालांकि वह बल्लेबाजी करने आए और 15 गेंदों में 20 रन बनाए थे।



### गौतम से की गंभीर चर्चा

नेट प्रैक्टिस छोड़ने के बावजूद रोहित ने भारत के प्रशिक्षण सत्र पर कड़ी नजर रखी। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी चर्चा की और टेनिस रैकेट का उपयोग करके हल्के-फुल्के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लिया। कोच मोर्ने मोर्कल फिर से टीम में शामिल हो गए हैं। मोर्कल ने टीम के साथ दुबई की यात्रा की थी, लेकिन फैमिली इमरजेंसी के कारण उन्हें साउथ अफ्रीका वापस जाना पड़ा था।

### कोहली में दिखी रन की भूख

पाकिस्तान के खिलाफ मैच विनिंग शतक के बाद विराट कोहली ने नेट्स पर स्पिनर्स का सामना किया। इस दौरान उनके अंदर रन की भूख नजर आई। विराट ने ट्रेनिंग सत्र के दौरान कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों का तो सामना किया है, साथ में उन्होंने अन्य नेट गेंदबाजों को बुलाकर उनका भी सामना किया। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद शमी को भी पूरे दमखम के साथ गेंदबाजी करते देखा गया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी भी परेशानी में दिखे थे।

### पंत को मिल सकता है मौका

खबरों की मानें तो दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की धीमी और निचली सतहों के विपरीत, भारत ने घास से भरपूर पिच पर प्रशिक्षण लिया। ऋषभ पंत ने भी काफी अभ्यास किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नेट्स में कोहली के साथ प्रशिक्षण लिया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम अगले मैच में पंत को मौका दे सकती है।

### शमी ने कोहली को किया परेशान

शमी ने कोहली को गेंदबाजी करते हुए गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराया। उनकी गेंद दो बार जाकर कोहली के पैड पर भी लगी। वहीं, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी सत्र के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध दिखे। मोर्कल की निगरानी में सभी गेंदबाज न्यूजीलैंड की चुनौती के लिए तैयार दिखे। मोर्कल को मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते हुए देखा गया। शुभमन गिल, जो टूर्नामेंट में भारत के स्टैंड आउट बल्लेबाज रहे हैं, एकमात्र ऐसे बल्लेबाज थे जो अभ्यास सत्र के लिए नहीं आए।

## रणजी ट्रॉफी फाइनल

# विदर्भ के खिलाफ केरल का स्कोर 131/3, सरवटे की तूफानी फिफ्टी



एजेंसी ▶▶ नागपुर

आदित्य सरवटे के नाबाद 66 रन की मदद से केरल ने रणजी ट्रॉफी फाइनल में विदर्भ के पहली पारी के 379 रन के जवाब में दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 131 रन बना लिए।

केरल की टीम अभी भी पहली पारी में 248 रन पीछे है। स्थानीय सितारे सरवटे ने उम्दा पारी खेलकर केरल को मजबूत स्कोर की नींव दी जबकि गेंदबाजों ने इससे पहले विदर्भ को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। पहले दिन चार विकेट पर 254 रन बनाने वाली विदर्भ टीम की नजरें 450 के आसपास के स्कोर पर थी लेकिन केरल के गेंदबाजों ने उसे 400 के भीतर रोक दिया। विदर्भ के लिए दानिश मालेवार ने 153 और करुण नायर ने 86 रन बनाए। दूसरे दिन पहले सत्र में केरल के गेंदबाजों ने अपनी लय कायम रखी। तेज गेंदबाज एम डी निधीश ने 61 रन देकर और ईडन एपल टॉम ने 102 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। एन एम बासिल को दो विकेट मिले। बासिल ने मालेवार की पारी का अंत करके सुबह केरल को पहली सफलता दिलाई। मालेवार ने 285 गेंद में 153 रन बनाए जिसमें 15 चौके और तीन छक्के शामिल हैं।

### टखने के दर्द के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से हटा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहने के उनके फैसले के पीछे मुख्य कारण टखने का दर्द है। हाल ही में श्रीलंका में श्रृंखला के दौरान टखने में दर्द के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा था कि उनके फैसले के पीछे कुछ 'व्यक्तिगत विचार' भी थे। स्टार्क ने कहा, 'कुछ अलग-अलग कारण हैं, कुछ व्यक्तिगत विचार हैं। टेस्ट श्रृंखला के दौरान मेरे टखने में थोड़ा दर्द था इसलिए मुझे बस इसे ठीक करने की जरूरत है।'

## प्राग मास्टर्स शतरंज

# प्रज्ञानानंदा ने नवारा से ड्रॉ खेला अरविंद की बाजी भी बराबर रही

एजेंसी ▶▶ प्राग



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में चेक गणराज्य के स्टार डेविड नवारा से ड्रॉ खेला जबकि अरविंद चिदंबरम ने भी स्थानीय दावेदार एनगुएन थाइ डेइ वान के साथ अंक बांटे।

विश्व चैंपियनशिप के दौरान डी गुकेश की टीम का हिस्सा रहे जर्मनी के विन्सेंट केमर ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराया। अमेरिका के सैम शेंकलैंड भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने तुर्की के गुरेल एडिस को शिकस्त दी। वियतनाम के कुआंग लिएम ली और नीदरलैंड के अनीष गिरी की बाजी ड्रॉ रही। पहले दौर के बाद केमर और शेंकलैंड एक अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा, अरविंद, गिरी, लिएम ली, डेइ वान और नवारा आधे अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

### पीटरसन बने दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र से पहले गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर नियुक्त किया गया। इस 44 साल के पूर्व खिलाड़ी ने 2014 में दिल्ली की टीम की कप्तानी की थी। पीटरसन पहली बार आईपीएल में कोचिंग से जुड़ी किसी भूमिका में दिखेंगे। वह खिलाड़ी के तौर पर 2009 से 2016 तक इस लीग का हिस्सा रहे हैं। पीटरसन को 200 टी20 मैच खेलने का अनुभव है, जिसमें उन्होंने 5,695 रन बनाए हैं। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और पुणे की फ्रेंचाइजी के साथ कुल 36 मैचों में 1001 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स में वह हेमांग बदानी की अगुवाई वाली कोचिंग टीम का हिस्सा होंगे।



# 2025 धोनी का आखिरी आईपीएल! खास 'कोड' के साथ चेन्नई पहुंचे माही

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपने आईपीएल भविष्य पर एक क्रिप्टिक मैसेज के साथ इंटरनेट पर तहलका दिया है। आईपीएल 2025 से पहले वह अपनी टीम के साथ जुड़ने के लिए चेन्नई पहुंचे। हालांकि, उनके वहां पहुंचने से ज्यादा चर्चा उनकी टी-शर्ट की हो रही है। सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि टी-शर्ट पर कोड के रूप में एक क्रिप्टिक मैसेज था जो बताता है कि आईपीएल 2025 उनका आखिरी आईपीएल होगा। फैंस ने टी-शर्ट पर संदेश को डिकोड कर पर सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर भी साझा की है। फैंस का कहना है कि यह एक मोर्स कोड है जिसका अनुवाद 'एक आखिरी बार' (वन लास्ट टाइम) है। धोनी हाल ही में जियो हॉटस्टार स्टूडियो में अभिनेता सनी देओल के साथ भारत-पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी मैच देखते दिखे थे। उससे पहले वह संजू सैमसन के साथ एक कार्यक्रम का भी हिस्सा बने थे। इससे पहले धोनी ने कहा था कि फिट रहने और आईपीएल के दो महीने के लिए तैयार रहने के लिए काफी कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।



### रहाणे बने पश्चिम क्षेत्र फाइनल्स के ब्रांड दूत

**मुंबई।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को तीन से चार मार्च तक यहां होने वाले एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर सीरीज के पश्चिम क्षेत्र फाइनल्स का ब्रांड दूत बनाया गया है। यह ग्रैंडमास्टर सीरीज ि स्क ल ह ब ऑनलाइन गेम्स फेडरेशन की पहल है और बेंगलुरू में 'दक्षिण क्षेत्र एक' की सफलता के बाद पश्चिम क्षेत्र पहुंची है। डेढ़ लाख से अधिक पंजीकरण के साथ प्रतियोगिता ने अपने ऑनलाइन प्रारूप में भारत की प्रमुख कौशल-आधारित माइंड स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।



## दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल बाद चैंपियन बनने को आतुर

# ऑस्ट्रेलिया-अफगानिस्तान मैच का विजेता खेलेगा सेमीफाइनल

एजेंसी ▶▶ लाहौर

क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया और शीर्ष टीमों के बीच तेजी से अपनी जगह बना रहा अफगानिस्तान शुक्रवार को जब यहां चैंपियंस ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे तो दोनों सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेंगे।

बुधवार को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड पर आठ रन की यादगार जीत के बाद अफगानिस्तान के पास लगातार दूसरी बार किसी वैश्विक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने का अच्छा मौका है। टीम ने एक साल से भी कम समय पहले अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के अंतिम चार चरण में प्रवेश किया था। ऑस्ट्रेलिया भी जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। हालांकि यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो लेकिन टीम अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के बिना खेल रही है।



दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के अंतराल के बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब फिर से हासिल करना चाहेगा। शीर्ष तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जानता है कि उसकी ताकत बल्लेबाजी में है। टीम के पास ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी हैं जो विपक्षी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने में सक्षम हैं।

### मजबूत गेंदबाजी आक्रमण

जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है तो उनकी बल्लेबाजी की अगुआई सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान करेंगे जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की पारी खेली जो अब चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में नहीं लेगा और अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने इंग्लैंड पर जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात स्वीकार की। लेकिन ट्रॉट के पास चिंता करने की कोई वजह नहीं है क्योंकि उनके पास अजमतुल्लाह उमरजई की अगुआई में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। टीम के पास राशिद खान, मोहम्मद नबी और नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी भी है।



# मंगल ग्रह लाल क्यों है? वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, पानी और ऑक्सीजन प्रमुख कारक

**न्यूयॉर्क**। मंगल ग्रह शुरू से ही लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। इसका प्रमुख कारण इसका अनोखा लाल रंग है, जो पृथ्वी से भी नजर आता है। अब वैज्ञानिकों ने एक नई स्टडी से पता लगाया है कि मंगल के लाल रंग का राज क्या है। उन्होंने कहा कि इस लाल रंग में ऑक्सीजन और पानी की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंगल हमारे सौर मंडल में सूर्य से चौथा ग्रह है। यह केवल बुध से बड़ा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मंगल ग्रह पर पानी मौजूद है। यह ग्रह अपने अनोखे रंग के कारण शुरू से ही इंसानों के लिए आकर्षण का विषय रहा है। अपने जंग लगे रंग के कारण इसे 'लाल ग्रह' का उपनाम दिया गया है। लेकिन, सवाल उठता है कि आखिर इस ग्रह को लाल रंग किस वजह से मिला है।



### मंगल के लाल रंग का कारण क्या है?

एक रिपोर्ट के अनुसार, वैज्ञानिकों का मानना है कि मंगल ग्रह का रंग उसकी सतह पर मौजूद जंग के रंग की धूल के कारण है। इसे फेरिहाइड्राइट कहा जाता है। यही धूल मंगल ग्रह को लाल रंग प्रदान करती है। इसका खुलासा मंगल ग्रह पर भेजे गए अंतरिक्ष यान और लैंडर से मिले डेटा के आधार पर किया गया है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर होने वाली रासायनिक प्रक्रिया की तरह, जब-जब चट्टानों में मौजूद लोहा पानी या पानी और मंगल के वायुमंडल में मौजूद ऑक्सीजन के साथ मिला, तो इससे आयरन ऑक्साइड बना।

### फेरिहाइड्राइट के कारण लाल दिखता है मंगल

इसके बाद मंगल ग्रह की हवाओं ने अरबों साल में आयरन ऑक्साइड को पूरे ग्रह पर फैलाया और इसे धूल में बदल दिया। इस कारण मंगल ग्रह को इसका खास लाल रंग मिला। चूंकि, मंगल पर अब तरल पानी नहीं है, इसलिए वैज्ञानिकों का पहले मानना था कि इसका जंग-लाल रंग धूल में मौजूद हेमेटाइट जैसे सूखे आयरन ऑक्साइड की वजह से है। हालांकि, सैटेलाइट डेटा और प्रयोगशाला प्रक्रियाओं के नए विश्लेषण के अनुसार, ग्रह के लाल रंग के लिए फेरिहाइड्राइट एक बेहतर व्याख्या हो सकती है।

### वैज्ञानिकों ने क्या कहा

*ब्राउन यूनिवर्सिटी में पृथ्वी, पर्यावरण और ग्रह विज्ञान विभाग में एक प्रमुख लेखक और पोस्टडॉक्टरल फेलो एडोमास वैलंटिनस ने कहा, मंगल ग्रह लाल क्यों है, इस मूलभूत प्रश्न पर सैकड़ों, यदि हजारों नहीं, वर्षों से विचार किया जा रहा है। मंगल ग्रह अभी भी लाल ग्रह है। बस इतना है कि मंगल ग्रह लाल क्यों है, इस बारे में हमारी समझ बदल गई है। मंगल ग्रह की धूल के एक प्रमुख घटक के रूप में फेरिहाइड्राइट की पहचान मंगल ग्रह के अतीत और अलौकिक जीवन की संभावना के बारे में हमारे ज्ञान के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हो सकती है।*

# 9वीं के बच्चे ने बना दी थ्री-इन-वन हाइब्रिड साइकिल, खासियत जान बड़े-बड़ों का चकराया सिर

**हैदराबाद**। तेलंगाना के 14 वर्षीय एक बच्चे ने एक ऐसी थ्री इन वन हाइब्रिड साइकिल बनाई है, जिसे आप जरूरत पड़ने पर सोलर एनर्जी, बैटरी यहां तक कि पेट्रोल से भी चला सकते हैं। नगर कुरनूल जिले के बालमुरु मंडल के रहने वाले हुनरबाज गगनचंद्र की, जिनकी डिजाइन की हुई साइकिल को देखकर बड़े-बड़े इंजीनियर भी सोच में पड़ गए हैं। गगनचंद्र ने एक ऐसी साइकिल बनाई है, जो आपको बैटरी पर 35 किलोमीटर का सफर करा सकती है। वहीं, सोलर एनर्जी की मदद से पूरे दिन यात्रा भी कराएगी। गगनचंद्र ने नॉर्मल साइकिल में ही बटरी, सोलर पैनल और मोटर जोड़कर इसे थ्री इन वन हाइब्रिड साइकिल का रूप दिया है, जो डिजिटल स्पीडोमीटर, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, नेविगेशन यहां तक कि सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम से लैश है। मतलब, इस साइकिल को कहीं से भी ट्रैक किया जा सकेगा।



### साइकिल की लागत?

इतना ही नहीं, साइकिल में वॉयस कमांड सिस्टम भी है, जिससे म्यूजिक और फोन कॉल्स कंट्रोल किया जा सकेगा. गगन चंद्र के अनुसार, इस साइकिल को बनाने में 20 हजार रुपए की लागत आई है। लेकिन, उनका कहना है कि वह भविष्य में इसे और कम कर देंगे।

*48000 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से टकराने की आशंका, क्या फूट जाएगा चांद?*

# पृथ्वी को छोड़कर चंद्रमा की ओर बढ़ा विशाल ऐस्टरॉयड

**वॉशिंगटन**। ऐस्टरॉयड 2024 वीआर4 को लेकर अभी तक आशंका थी कि ये पृथ्वी से टकरा सकता है। इस आशंका ने कई हफ्तों तक दुनिया के लोगों को परेशान रखा। फिर नासा ने साफ किया कि ऐस्टरॉयड के टकराने की आशंका टल गई है। लेकिन. नासा ने चेतावनी दी है कि पृथ्वी तो बच गई है लेकिन ऐस्टरॉयड के चपेट में आने से चंद्रमा का बचना मुश्किल है। नासा ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि ऐस्टरॉयड 2024 वीआर4 से पृथ्वी सुरक्षित है और 2023 में ये ऐस्टरॉयड पृथ्वी के बगल से निकल जाएगा। इसके टकराने की आशंका नहीं है। नासा के सेंटर फॉर नियर अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज के प्रमुख पॉल चोडास ने कहा कि यह वह परिणाम है जिसकी हमें उम्मीद थी। लेकिन नासा का कहना है कि ये ऐस्टरॉयड काफी खतरनाक था और अगर ये पृथ्वी से टकराता तो भयानक धमाका होता, जिसमें 8 मेगाटन टीएनटी के बराबर का विस्फोट होता। यानी हिरोशिमा शहर के ऊपर जो परमाणु बम गिराया गया था, उससे 500 गुना ज्यादा शक्तिशाली धमाका होता। यानी ये धमाका एक पूरे शहर को पूरी तरह से नष्ट कर सकता था और कई आसपास के शहरों पर इसका गंभीर असर दिखता। हालांकि, अब धरती के लोग राहत की सांस ले सकते हैं कि हमारे ऊपर ऐस्टरॉयड को लेकर कोई खतरा नहीं है। लेकिन, नासा ने कैलकुलेशन के आधार पर कहा है कि ऐस्टरॉयड वीआर4 सीधे चंद्रमा की ओर बढ़ सकता है।



### चंद्रमा से ऐस्टरॉयड के टकराने की कितनी आशंका?

नासा ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अब इस ऐस्टरॉयड के हमारे चंद्रमा से टकराने की आशंका बन रही है और ये आशंका 1.7 प्रतिशत है, जो पिछले लगाए गए अनुमानों के मुकाबले काफी ज्यादा है। पृथ्वी के विपरीत, चंद्रमा पर इस ऐस्टरॉयड को गिरने से बचाने के लिए कोई वायुमंडल नहीं है। यदि ऐस्टरॉयड वीआर4 चंद्रमा से टकराता है तो टक्कर के वक्त इसकी रफ्तार 30,000 मील प्रति घंटे की होगी, जिससे चंद्रमा की सतह पर 6500 फीट चौड़ा गड्ढा बन जाएगा। हालांकि, नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि टकराने की संभावनाएं धीरे-धीरे कम हो सकती हैं।




# तमिलनाडु के चोर ने दिखाई ईमानदारी

**चेन्नई**। दुनियाभर में रोजाना हजारों-लाखों डकैती और चोरी की घटनाएं होती हैं, लेकिन कुछ चोर होते हैं ईमानदार जिनकी ईमानदारी के किस्से इंटरनेट की दुनिया में आते ही वायरल हो जाते हैं। अब तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में हाल ही में एक विचित्र घटना ने सभी का ध्यान खींचा। दरअसल, यहां एक चोर ने ऐसा काम किया, जिसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। थिरुप्पुवनम के पास डी पलायुर के निवासी वीरमणि अपने घर के सामने सोने से पहले अपनी बाइक को खड़ा किया करते थे। हालांकि अगले दिन हुआ यूं कि उनकी बाइक चोरी हो गई। इस चोरी से हैरान होकर उसने और उसके परिवार ने इलाके में खोजबीन की, लेकिन गाड़ी कहीं नहीं मिली। अंत में उसने इस चीज को मान लिया कि उसकी बाइक चोरी हो चुकी है और इसकी रिपोर्ट थिरुप्पुवनम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई।



### वापस कर दी चोरी की बाइक

*इसके बाद 24 फरवरी की रात चोर बाइक को वापस वहीं रख गया। जहां से उसने ये बाइक उठाई थी। इसके साथ ही उसने एक लेटर भी छोड़ा। चोर ने लिखा कि मुझे दूसरे इलाके से यात्रा करते समय एक इमरजेंसी का सामना करना पड़ा! यही कारण है कि मैंने आपकी आपके घर से उठा ली और 450 किं.मी यात्रा की। जिसके लिए मैं इस चिट्ठी के साथ 1500 रुपए दे रहा हूं। आप ये पैसे रखकर प्लीज मुझे माफ कर दीजिए। चोर ने आगे लिखा कि आपकी बाइक ने आपातकाल में मेरी मदद की.. मैं आपका ऋणी हूं..!*













72198 21111 | BAJAJ SECURE

*Terms and conditions apply. *Ex-showroom price for Pulsar 125 variants. Bajaj Auto reserves the right to withdraw any or all offers without prior notice. Stunts have been performed by experts, under professional supervision, in a controlled and enclosed environment, in isolation from general public or public roads. Do not attempt to replicate these stunts and always follow traffic and safety rules. AMC available on specific models and in specific states. Check with Bajaj dealer for more details. Road Side Assistance is provided by third parties and is subject to their terms and conditions.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd**. Bilaspur: Tifra Over bridge TRIPUR BAJAJ 9752133444, 07752-400444 • Naya Sarkanda KHANDELWAL BAJAJ 9300998989, 9165555222 • Old Bus Stand TRIPUR BAJAJ 7999848912, 419333 • Mungeli : KHANDELWAL BAJAJ 9399021705, 07755299124 • Lormi : KHANDELWAL BAJAJ 9399021701 • Ambikapur LAXMI BAJAJ 9074816511, 9754830536 • Janjgir SHREE SALASAR BAJAJ 9179981000 • Champa 8319235702 • Korba TIRUPATI BAJAJ 6232103042, 7879313041 • Dipka TIRUPATI BAJAJ 9302444204 • Raigarh JINDAL BAJAJ 9589905646,7067109202 • Jashpur JINDAL BAJAJ 8817775566, Baikunthpur KOREA BAJAJ 9752949291. **Authorised Service Centre:** Akaltara 9300672917, Bagicha 8889105139, Bagbahar 9340462499, Balangi 8319938652, Baloda 9926165736, Baramkela 9329337258, Balrampur 6261982600, Baradwar 9131988365, Batouli 7879992145, Bhaiyathan 8717818700, Bishrampur 7441143400, Chakarbhata 7415967052, Churcha 7828109004, Jaijaipur 9098505388, Jarhi 8959616468, Kansabel 9993641010, Katghora 9893315098, Kharsia 7771078078, Kota 9424158177, Kusmi 07693929918, Kusmunda 7000813077, Lailunga 9424187790, Manendragarh 9893808250, Nawagarh 9981550386, Pali 7489606177, Pathalgaon 9424180227, Pendra 8109692873, Pratappur 7509007575, Pussore 9993222334, Pathariya 7987188192, Rahod 9926909427, Rajpur 7000810536, Ramanujganj 9977907755, Ratanpur 9399998235, Sargaon 7089006614, Shakti 9300624147, Saranggarh 9300566800, Seepat 9926569656, Surajpur 8319944087, 9302672400, Takhatpur 9893742811,Seorinarayan-9926907321, Sitapur 8109861007, Wadrafnagar 750900664, Shrinagar 7987897837.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com